दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना


वर्ष-10, अंक-148
इन्दौर, बुधवार
28 अगस्त 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभवन से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।



-चाणक्य

# औद्योगीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा उज्जैन : मुख्यमंत्री

## दक्षिण भारत की प्रमुख वस्त्र इकाई बेस्ट लाइफ स्टाइल का मुख्यमंत्री ने किया भ्रमण

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन औद्योगीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में टेक्सटाइल उद्योग अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवांचल में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने एवं उद्योगों में महिला सुरक्षा के लिए भी पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



बेस्ट अपेरल इकाई 1000 से अधिक लाड़ली बहनों को प्रदान कर रही रोजगार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को उज्जैन के नागझिरी स्थित बेस्ट लाइफ स्टाइल इंडस्ट्रीज (वस्त्र उद्योग) का भ्रमण किया। उन्होंने यहां लगभग 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा किए जा रहे वस्त्र निर्माण के कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यरत महिलाओं से आत्मीय चर्चा कर उनके कार्य की सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मशीन भी चलाई। उद्योग में कार्यरत लगभग 1000 से अधिक महिलाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वस्त्र तैयार कर रही महिला कारीगरों से वेतन और घर-परिवार के बारे में चर्चा की। महिला कारीगरों ने बताया कि रोजगार मिलने से संतुष्ट हैं। अब घर-परिवार चलाने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो रही है और हम आत्मनिर्भर हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेस्ट लाइफ स्टाइल कार्यालय में अधिकारियों के साथ उज्जैन में औद्योगिक विकास की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में अपनी औद्योगिक इकाई स्थापित करने के इच्छुक देश के प्रमुख उद्योगपतियों से प्राप्त प्रस्तावों में निवेश के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेंगलुरु की तरह उज्जैन में भी आईटी पार्क स्थापित किया जाए जिससे मालवा के आईटी इंजीनियर को रोजगार प्राप्त हो सकेगा और उज्जैन स्टार्ट-अप का हब बन सके। उन्होंने जल्द आईटी पार्क के लिए भूमि आवंटन किए जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि उज्जैन के बेस्ट अपेरल पार्क में तैयार किये जा रहे वस्त्र उच्च गुणवत्ता व अंतर्राष्ट्रीय मानक स्तर के हैं। यहाँ से तैयार किये गये वस्त्र अमेरिका, कनाडा आदि देशों में निर्यात किये जा रहे हैं, जिससे उज्जैन का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। उज्जैन का समृद्ध वस्त्र उद्योग अब पुनर्जीवित हो रहा है। उज्जैन की महिलाओं के कौशल का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। इसी के साथ उन्होंने निर्देशित किया कि बेस्ट अपेरल पार्क में शीघ्र ही नाईट शिफ्ट भी शुरू की जाये, जिससे अधिक महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि इंदौर की तरह उज्जैन में भी रेडीमेड कॉम्प्लेक्स, प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क का विकास किया जाए। उन्होंने विक्रम उद्योग की सफलता को और अधिक विस्तार देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किसानों को कपास की खेती के लिए भी प्रोत्साहित करने की बात कही और कहा कि कृषकों की आमदनी बढ़ाने के लिये उद्योगों में कच्चा माल स्थानीय स्तर से लिया जाये। बैठक में बेस्ट लाइफ स्टाइल के वाइस प्रेसिडेंट श्री पुनीत जैन ने बताया कि उज्जैन की बेस्ट लाइफ की इकाई देश की बड़ी वस्त्र उद्योग इकाइयों में से एक है। यहां प्रतिदिन 1 लाख से अधिक वस्त्र निर्मित किये जा रहें हैं। उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल में 358 करोड़ का निवेश किया गया है, जिससे लगभग 1000 से अधिक महिलाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है जिसे बढ़ाकर 4000 महिलाओं तक किया जा रहा है। कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी ने बैठक में उज्जैन में औद्योगिक विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया, जिसमें प्रमुख रूप से प्रस्तावित आईटी पार्क, रेडीमेड कॉम्प्लेक्स, प्लग एंड प्ले और विक्रम उद्योगपुरी के विस्तार की योजना में गति लाने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री विवेक जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहें।

## शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार समेत दो पर एफआईआर

**मुंबई (एजेंसी)।**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पिछले साल नौसेना दिवस (4 दिसंबर) पर सिंधुदुर्ग के मालवन तहसील में राजकोट किले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया है। दरअसल, 17वीं सदी के मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे गिर गई थी। इसके कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। विपक्षी दलों इसकी आलोचना कर रहा है।

## युद्ध में यूक्रेन के 780 सैनिक मारे गये

**मॉस्को।** रूस के युग (दक्षिण) बलों के समूह ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक जवाबी हमले को विफल कर दिया और यूक्रेनी सेवा के 780 सदस्यों को मार गिराया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एएफयू 5वीं असॉल्ट ब्रिगेड की ओर से शुरू किए गए एक जवाबी हमले को विफल कर दिया गया है। हमले में एएफयू को 780 सैनिक, एक जर्मन निर्मित टैंक, एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और चार मोटर वाहनों का नुकसान हुआ है।

## आर्मी जवान की हत्या में 6 आरोपी को उम्र कैद

### सिर और चेहरे पर मारी थी तलवार, 7 साल बाद आया फैसला

**इन्दौर।** आर्मी जवान की हत्या के मामले में 6 आरोपियों को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। घटना के 7 साल बाद मामले में फैसला आया है। केस को चिन्हित प्रकरण की सूची में रखा गया था। पीड़ित परिवार को प्रतिकर दिलाए जाने के लिए कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुशंसा की है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय विशेष न्यायाधीश




अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने थाना बाणगंगा के केस में फैसला सुनाया है। आरोपी दिलीप, हेमंत उर्फ कालु पिता रामचंद्र वर्मा, रोहित, मोहित, अर्जुन और विकास निवासी रामदत्त का भट्टा बाणगंगा को धारा 302/149 भादंवि में उम्र कैद और धारा 307/149 में 10-10 साल की सजा सुनाई है। 54000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती भदौरिया और विशेष लोक अभियोजक विशाल श्रीवास्तव ने की।

## मायावती चुनी गई राष्ट्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में आयोजित बसपा कार्यकारिणी की बैठक में मायावती को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, आकाश आनंद का कद बढ़ा है। उन्हें चार राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंगलवार को हुई बैठक में मायावती को फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच साल होगा। उनके नाम का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। वहीं, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का कद बढ़ाते हुए उन्हें महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है।

**भारत और चीन का नया रणनीतिक अखाड़ा बना श्रीलंका**

## भारत और चीन दोनों ने श्रीलंका के बंदरगाह पर साथ खड़े कर दिए युद्धपोत



**कोलंबो (एजेंसी)।** हिंद महासागर क्षेत्र अब चीन और भारत का नया रणनीतिक अखाड़ा बनता नजर आ रहा है। इसका एक उदाहरण सोमवार को देखने को मिला, जब एक भारतीय युद्धपोत श्रीलंका के कोलंबो में बंदरगाह पर पहुंचा और संयोग से तब चीन के तीन युद्धपोत भी पहुंच गए।

खास बात है कि पहले भी भारत श्रीलंका में चीनी युद्धपोत, जासूसी नौकाएं और पनडुब्बियों के ठहरने पर कोलंबो के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करा चुका है।

भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि आईएनएस मुंबई 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है जिस पर 410 सदस्यों का चालक दल सवार है।

## झारखंड में भूकंप के झटके, लोग घरों से बाहर निकले

**दुमका (एजेंसी)।** झारखंड के कई जिलों और बिहार के भागलपुर में सोमवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों ने गहरी नींद में सो रहे लोगों को झकझोर कर रख दिया। झटकों से डरे-सहमे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। काफी देर तक लोग बाहर ही सुरक्षित स्थानों पर खड़े देखे गए। राहत की बात यह रही कि भूकंप की तीव्रता ज्यादा नहीं रही, जिससे कोई नुक्सान होने की खबर भी नहीं है। भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## सूडान में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 132 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज़ (RSF) के बीच पिछले करीब 16 महीने से ज़्यादा समय से युद्ध चल रहा है। रह-रहकर सूडान में इस युद्ध की वजह से अभी भी हिंसा भड़कती रहती है। इस जंग की वजह से हज़ारों लोगों ने अपनी जान गंवाई हैं, लाखों लोगों ने अपना घर गंवाया और विस्थापित हो गए हैं अभी भी लोग बड़े मुश्किल हालात में जी रहे हैं। सूडान में चल रही हिंसा की वजह से देश में खाने का संकट भी काफी गंभीर हो गया है और करोड़ों लोग



खाने के गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पर अब हिंसा से ग्रस्त सूडान को भारी बारिश और बाढ़ का भी सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से लोगों का बुरा हाल है। सूडान में बारिश के इस सीज़न में अब तक 132 लोगों की मौत हो चुकी है। इन लोगों की मौत भारी बारिश/बाढ़, पानी में डूबने, घर के गिरने आदि कारणों से हुई हैं। भारी बारिश का असर सूडान के 10 राज्यों में देखने को मिल रहा है।

## पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी कविता को मिली जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बीआरएस नेता के. कविता को जमानत प्रदान कर दी. कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए जांच एजेंसी, ईडी और सीबीआई, से पूछा कि क्या आपके पास कोई भी ऐसा ठोस




साक्ष्य है जिसके आधार पर आप यह कह सकते हैं वह दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में शामिल हैं. इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन कर रहे थे. के. कविता की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी दलील दे रहे थे. रोहतगी ने कहा कि के. कविता के खिलाफ जितनी भी जांच करनी थी, उसे पूरा किया जा चुका है. रोहतगी ने यह भी कहा कि इसी मामले में अदालत ने मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है, लिहाजा उस आधार पर के. कविता को भी राहत मिलनी चाहिए. उन्होंने कहा कि अब न तो ईडी और न तो सीबीआई को के. कविता से कोई भी पूछताछ करनी है. ऐसे में उन्हें न्यायिक हिरासत में रखे जाने का कोई औचित्य नहीं दिख रहा है.

## मुंबई में दीवार ढहने से 2 लोगों की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के चर्नी रोड इलाके के कालबादेवी परिसर में एक दीवार ढह जाने की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है. हादसे के बाद मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया गया. दीवार ढहने के वक्त कई लोगों के अंदर फंसे होने की खबरें सामने आ रही थीं. जिसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी. इसके बाद रेस्क्यू शुरू किया गया. यह दुर्घटना सोमवार दोपहर चिराबाजार के दादीसेठ अग्यारी लेन में गांधी बिल्डिंग के पास हुई। करीब पांच से सात फीट ऊंची इस इमारत की सुरक्षा दीवार अचानक पड़ोस की सड़क पर गिर गई।

## महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग स्टूडेंट से रेप

**पुणे/रत्नागिरी (एजेंसी)।** कोलकाता की घटना पर आक्रोश अभी थमा नहीं है कि महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में नर्सिंग की छात्रा के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। रत्नागिरी में



ऑटोवाले ने नर्सिंग की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसे सड़क पर फेंक दिया। पुलिस को बेहोशी की हालत में मिली छात्रा को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीड़ित छात्रा के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, तो वहीं दूसरी तरफ इस झाटना के सामने आने के बाद रत्नागिरी में आक्रोश भड़क गया है। अभी तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं। उसके अनुसान यह घटना उस समय हुई जब छात्रा घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुई। ऑटो चालक ने उसे नशीला पदार्थ मिला पानी पिलाया। इसके बाद वह उसे एक सुनसान जगह पर ले गया, उसके साथ बलात्कार किया और मौके से भाग गया।

## आम के बाग में पेड़ से लटके मिले दो सहेलियों के शव

**फर्रुखाबाद (एजेंसी)।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में ग्रामीणों ने एक ही दुपट्टे से दो युवतियों के शव लटकते देख, तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फर्रुखाबाद जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर गांव में दो युवतियों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। दरअसल, आम के बाग में दो सहेलियों के शव एक ही दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। सुबह बाग पर पहुंचे ग्रामीण ने शव लटकते देखे, तो अन्य लोगों को सूचना दी।

## बलात्कारी आसाराम बापू महाराष्ट्र रवाना

### इलाज के लिए मिली 7 दिन की पैरोल

**मुंबई (एजेंसी)।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम को इलाज के लिए मंगलवार को महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय पुलिस और जेल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता



इंतजाम किए हैं। हवाईअडडे की ओर आने जाने वाले वाहनों को चेक किया जा रहा है। आसाराम को जोधपुर से फ्लाइट से मुंबई ले जाया जाएगा, जहां वो खपोली स्थित माधव बाग अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज करवाएगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने इलाज के लिए 13 अगस्त को 7 दिन की पैरोल दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि पैरोल की अवधि अस्पताल पहुंचने के दिन से गिनी जाएगी। राजस्थान कोर्ट ने आसाराम को शर्तों के साथ इलाज के लिए पैरोल दी है। उसका इलाज जिस निजी कमरे में होगा, वहां पर 24 घंटे पुलिस का पहरा रहेगा। आसाराम से कोई भी अतिरिक्त व्यक्ति उपचार के दौरान नहीं मिल सकेगा।

## संपादकीय

# दूध बेचने वाले भंगू ने की ठगी




पर्ल ग्रुप के अध्यक्ष निर्मल सिंह भंगू की मौत हो गई है। उनके ऊपर 45000 करोड रुपए की ठगी के आरोप थे। जिन्होंने देश भर में 5 लाख से अधिक लोगों को ठगा। हजारों करोड रुपए की धन संपदा इकट्ठी की। वह 2016 से तिहाड़ जेल में ठगी के आरोप में बंद थे। हजारों करोड़ों रुपए की संपत्ति के मालिक होते हुए भी, उन्हें अपनी अंतिम सांसें जेल में लेनी पड़ी। जेल में उनको हार्ट अटैक का दौरा पड़ा। जेल कर्मचारी उन्हें अस्पताल लेकर गए। डीडीयू के अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मृतक भंगू भारत और पाकिस्तान की सीमा से लगे अटारी गांव का रहने वाला था। उसका बचपन दूध बेचने मैं बीता। पैसे कमाने के लिए वह कोलकाता पहुंचा। घोटाले का मास्टर माइंड निर्मल सिंह कोलकाता स्थित कंपनी पियरलेस के संपर्क में आया। वहां उसने चिटफंड कंपनी का काम सीखा उसके बाद वह गोल्डन फॉरेस्ट इंडियन कंपनी से जुड़ा। कुछ साल बाद यह कंपनी बंद हो गई। उसके बाद निर्मल सिंह ने अपनी पर्ल गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी बनाई। 1996 में इस कंपनी का नाम बदलकर पीसीएल कर दिया। यह अपनी कंपनी में लोगों को 5 साल में पैसा दुगना करने का भरोसा दिलाता था। देश के कई राज्यों में इसने 5 लाख से अधिक लोगों के पैसे अपनी कंपनी में जमा कराए। पैसा जमा करने के लिए यह अपने एजेंटों को भारी कमीशन देता था। लोग 5 साल में पैसा दुगने होने के लालच में कंपनी में पैसा जमा करते थे। एजेंट ज्यादा कमीशन मिलेगा, इस लालच में लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। निर्मल सिंह ने कई कंपनियों का एक समूह तैयार कर लिया था। जिसमें प्रॉपर्टी और एनएफसी बैंकिंग की तरह काम किया जाता था। लोग किस्तों में पैसे जमा करते थे, कंपनी एफडी भी जारी करती थी। कंपनी पर ठगी और धोखाधड़ी के आरोप लगे। 8 जनवरी 2016 को सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह तिहाड़ जेल में बंद था। कुल मिलाकर हजारों करोड़ों रुपए का मालिक भंगू के कुछ साल तो ऐशो आराम में गुजारे। लेकिन अपना अंतिम समय जेल में बिताना पड़ा। जो प्रतिष्ठा अर्जित की थी, वह गँवानी पड़ी। जेल में ही उसकी मौत हो गई। कुछ इसी तरह की कहानी सहारा प्रमुख सुब्रतो राय की थी। वह पहले पत्रकारिता से जुड़े, बाद में वह भी पीयरलेस जैसी चिटफंड कंपनियों के संपर्क में आए।

उन्होंने भी सहारा इंडिया के नाम से कंपनी बनाई। लोगों को जल्द जमा पैसे पर रिटर्न देने का वादा किया। बैंक में जब 7-8 साल में पैसे डबल होते थे। उस समय सहारा कंपनी ज्यादा रिटर्न देने का लालच देकर लोगों के पैसे अपनी कंपनी में जमा कराते थे। सुब्रत राय की भी 14 नवंबर 2023 को मौत हो गई। 2.82 लाख करोड़ की संपत्ति के मालिक सुब्रतो राय को 2 साल जेल में रहना पड़ा। आज भी सहारा कंपनी में जिन लोगों ने पैसे निवेश किए थे। वह उन्हें अभी तक वापस नहीं मिले। सहारा समूह के सुब्रत राय का कारोबार बड़ी तेजी के साथ पूरे देश भर में फैला था। लाखों करोड़ रुपए की कंपनी सहारा बन गई थी। जैसे ही पैसा जमा होना शुरू हुआ। सुब्रतो राय ने जमा पैसे का उपयोग फिल्म निर्माण, मीडिया, विमानन कंपनी, खेलों के प्रायोजित करने और रियल एस्टेट का व्यापार करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश करना शुरू कर दिया था। जिन-जिन क्षेत्रों में सहारा ने निवेश किया। वहां से उनको प्रतिफल नहीं मिला। विमानन कंपनी घाटे में चली गई। मीडिया कंपनी घाटे में थी। राजनेताओं और नौकरशाही को सहारा समूह द्वारा भारी चंदा और रिश्वत दी गई। सहारा प्रमुख भी अपने निवेशकों की जमा राशि को वापस नहीं कर पाए।

## चिंतन-मनन

# प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार



पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# जनों में जन, पशुजन



मैं अपने मुहल्ले की पल पल की अपने घर से लेटा ही खबर रखने का हुनर रखता हूं। मुहल्ले की ऐसी कोई हरकत नहीं जिसकी मुझे खबर न हो। इसलिए समझदार मुहल्ले वाले मुझे मुहल्ले का खबरूद्दीन भी कहते हैं। मुहल्ले को जिस खबर की जरा सी भी खबर नहीं होती, मुझ उसकी खबर से अधिक होती है। कल मुहल्ले में जैसे ही मास्साब ने इंट्री मारी और मरियल से मरियल कुत्ते भौंकने लगे तो मैं तुरंत जान गया कि मुहल्ले में कोई गलत आदमी प्रवेश कर गया है। अब पता नहीं कुत्ते ऐसा क्यों करते हैं कि जब भी मुहल्ले में गलत नियत का बंदा प्रवेश करता है कि मरियल से मरियल कुत्ता भी भौंकना शुरू कर देता है। अबके फिर कुत्तों का भौंकना सही निकला। देखा तो मास्टर जी कंधे पर झोला लटकाए सामने। राम सलाम के बाद मैंने मास्टर जी से पूछा,' मास्साब! आज फिर स्कूल के बदले यहां?' उन्हें आता देख उनकी बिरादरी की कृपा से बारह पास बीवी ने सुबह की बची चाय उन्के लिए कप में डाली।

' क्या करें भाई साहब! सरकार ने कंधे पर गणना का ऐसा झोला लटका दिया है कि...'. 'तो अबके किसकी गिनती आए हैं जनाब? आवारा कुत्तों की?' 'नहीं, वह तो पिछले साल की थी,' उन्होंने फूंक मारते चाय की चुस्की लेते कहा। 'तो सूअरों की?' नहीं वह भी सरकार इस साल वाली करवा चुकी है,' मास्साब ने अगली चाय की चुस्की लेते कहा। 'तो लकड़बग्घों की?' 'नहीं?' ' तो गधों की?' ' नहीं भाई साहब! जबसे पशु आदमियों के साथ रहते सुधरने लगे हैं और आदमी पशुओं के साथ रहते पशु बनने लगे हैं, तबसे जन तो कोई सोसाइटी से लेकर सिविल सोसाइटी तक में रहे नहीं। अब तो जहां देखो, बस पशुजन ही पशुजन ! इसलिए पशु विभाग को पशुजन की गणना करवानी पड़ रही है।'

'पशुधन की?' 'नहीं भाई साहब! पशुजन की बोले तो आदमी में छिपे डंगरपने वाले जन की। पशुधन तो जबसे सिंथेटिक दूध, पनीर, आटा दाल, चावल बनने लगा है , तबसे कहीं गायब हो गए हैं। सरकार सही सही पता करवाना चाहती है कि शहर में कुल कितने पशुजन हैं। सरकार को पता चल गया है कि जनों में कोई सर्वोत्तम जन होते हैं तो बस, पशुजन ही होते हैं।' 'पशुजन बोले तो?' मैं अवाक। अब ये पशु जन कहां से आ गए किस्म किस्म के जनों के बीच? 'पशुजन बोले तो दो पैरों पर चलने वाला जंतु जिसका दिमाग उसकी खोपड़ी की बजाय उसके पैरों में होता है। जिसके सड़े दिमाग पर लाख पेस्टिसाइड डालने के बाद भी ऐसे वैसे कीड़े पड़ जाते हैं जो अड़ोस पड़ोस को नरक बना कर रख देते हैं,' उन्होंने अरस्तू होते कहा तो मेरे स्वस्थ दिमाग में सहसा कीड़े कुलबुलाने लगे, पर मैंने उन्हें जैसे कैसे दबाकर रखा। 'माफ करना! पूछना है तो गलत सा, पर आप बता सकते हैं कि आपके अड़ोस पड़ोस में मुहल्ले में कितने पशुजन हैं? असल में पड़ोसियों को अपने बारे में उतना सटीक पता नहीं होता जितना उनके पड़ोसियों को उनकी रग रग का होता है।' 'पशुजन बोले तो?' 'यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, आदर्श अड़ोस पड़ोस में कितने सांड हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, आदर्श अड़ोस पड़ोस में कितने गधे हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, अड़ोस पड़ोस में कितने टट्टू हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, अड़ोस पड़ोस में कितने कुत्ते वैगरह हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, अड़ोस पड़ोस में कितने सियार हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, अड़ोस पड़ोस में कितने भेड़िए हैं। यही कि आदमी होते हुए भी आपके घर में, अड़ोस पड़ोस में कितने..... ' मतलब तुम ये गिनने आए हो कि आदमी होते हुए भी कितने पशु हैं?' 'जी! अगर सबसे पहले अपने घर के पशुजन के बारे में बताएं तो कहते मास्साब ने अपना रजिस्टर खोला तो मैंने कहा,' देखो बंधु! अब आपसे छिपाना क्या! सरकार के पास और कुछ सही हो या न, पर आंकड़े तो कम से कम सही होने चाहिए ताकि विकास अबाध गति से रूका रहे।' ' तो ऐसा करो, मेरा बेटा तो सांड है। सारा दिन बाजार में आवारा घूमता रहता है। कभी इसे सींग मारता तो कभी उसे। उसे कोई पूछने वाला नहीं। मैं भी नहीं। और बीवी! समझ नहीं आ रहा उसे किस पशुजन श्रेणी में रखूं? उसे पशुजन की हर श्रेणी में लिख लो। रही बात मेरी तो मुझे आप गधे की श्रेणी में रख सकते हैं। जबसे विवाह हुआ है घर, का एक एक बोझ चुपचाप अपनी पीठ पर ढो रहा हूं। किसीको इस बात से कोई लेना कोई लेना देना नहीं कि मैं हंस रहा हूं कि रो रहा हूं।'

'और आपके पड़ोस में?' उन्होंने पूछा तो मैंए बिन सोचे कहा,'आजू वाले पड़ोस में दो भैंसे, दो सांड और दो गधे रहते हैं। बाजू वाले हरि निवास में एक लोमड़, एक लोमड़ी, एक एक बिल्ला निश्चिंत लिख लीजिए। उनका बेटा किसी गैंडे से कम नहीं। इतनी मोटी चमड़ी का कि लाख समझाओ , क्या मजाल जो समझ जाए। और उससे अगले पड़ोस में बस एक ही रहते हैं। उन्हें ऊंट लिख लीजिए। जब देखों ऊंट की तरह पूरे के पूरे अकड़े हुए।' 'और आपके बगल से बगल वाले हाउस नंबर बीस में?' ' अच्छा वे ? वहां चार पशुजन हैं। दो मेल, दो फीमेल। चारों बिल्कुल मुहल्ले के कचरे के ढेर पर लेटी गाय की तरह। उनके दूध न होने के बाद भी जो मर्जी उनके थनों से लटका रहे,' उतने को मास्साब की चाय भी खत्म हो गई थी और मुझसे काम भी। उन्होंने सादर हाथ जोड़े और अगली हवेलियों में पशुजन गणना का झोला कंधे पर उठाए दुम मटकाते खिसक लिए।

**अशोक गौतम,**
**गौतम निवास, अप्पर सेरी रोड,**
**नजदीक मेन वाटर टैंक,**
**सोलन-173212 हि.प्र.**

## कहानी

# कर्महीन पत्थर

मंदिर की सीढ़ियां उतरते ही वह भिखारी हाथ पसारे हुए दिखा। उसके चेहरे पर लाचारी के आवरण थे तो आँखों में याचना के आँसू थे। मगर उसके शरीर पर दृष्टि पड़ी तो वहाँ एक बिलकुल स्वस्थ और जवान व्यक्ति दिखा। परस्पर विरोध की ऐसी दशा देख मैं समझ गया कि यह कर्महीन व्यक्ति अपने झूठे अभिनय से लोगों में दया जगाकर पेट पालना चाहता है। मैंने उसे धिक्कारा, तुझे भीख मांगते लज्जा नहीं आती ? तुम्हारा गठा शरीर और मजबूत हाथ क्या इसी काम के लिए बने हैं ? कोई काम क्यों नहीं करते ? उसके आँसू भरे आँखों में क्रोध की चिंगारी भर गयी। उसने कहा, भाषण अपनी जेब में रखिये और चलते बनिए। अगले दिन मंदिर की सीढ़ियां उतरते समय वह फिर दिखा। मुझे देखते ही उसने अपने हाथ समेट लिए और चेहरा पीछे कर लिया। उसके नजदीक आकर मैंने उसका स्वाभिमान जगाने की गरज से फिर कहा, बेशर्म ! तुम अपने स्वस्थ शरीर को गाली देते हो, यह तुम्हें सुनाई नहीं देता ? उठो, जाओ और कोई अच्छा काम करो। यही तुम्हारे लिए सम्मानजनक होगा।

उसने फिर अपनी आँखें तरेरी और कहा, आपने दुनिया को सुधारने का ठेका ले रखा है क्या ? पैसे नहीं देने हैं तो लेक्चर मत झाड़िये। निकलिए यहाँ से ! मैं दुःखी होकर लौट गया। अगले दिन फिर वही दृश्य था। गठीले हाथ भीख के लिए फैले हुए थे। मैंने एक बार फिर से उसे झकझोरने के लिए उसके निकट गया। मुझे देख वह मुस्कुराने लगा। मैंने भी सोचा कि आज इसे सभी के सामने ऐसी झाड़ लगाऊंगा कि हाथ पसारना ही भूल जायेगा। मैं अभी बोलने ही जा रहा था कि तभी क्या देखता हूँ कि उसने अपने दोनों कान में रुई के दो मोटे फाहे ठूंस रखे हैं।

यह देख मेरी जुबान रुक गयी। मैं अंदर तक दुःखी हो गया। मैं लौट पड़ा। मंदिर से बाहर निकले वक्त यह सोच रहा था मैं भी भला किस पत्थर से सिर फोड़ने चला था। मुझे यह क्यों समझ में नहीं आया कि ज़ब आदमी का स्वाभिमान एक बार मर जाता है तो वह फिर कभी भी उठ नहीं सकता।



- ज्ञानदेव मुकेश
301, साई हॉरमनी अपार्टमेन्ट,
अल्पना मार्केट के पास,
न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी,
पटना-800013 मो. न. 9470200491

# मोहब्बत की दुकान

नवंबर की सुबह,वातावरण में हल्की शीतलता का अहसास बना हुआ था। ऐसे सुहावने वातावरण में नेता मुंशीराम, मॉर्निंग वॉक में झील के किनारे घूमने के बाद, एक चाय की गुमटी पर गरमा गरम चाय पीते मिले। मुझे देख बोले, घूमने का आनंद छोड़ो। झील किनारे गरमा गरम चाय के स्वाद का मनभावन आनंद लो। मैंने पूछा नेताजी! और क्या कर रहे हो नया आजकल? तभी वह कुछ याद करते हुए बोले हम समाज हित में बहुत कुछ नया कर रहे हैं। जैसे कई शहरों में मोहल्ला क्लीनिक चल रहे हैं, वैसे ही हमारी पार्टी भी लोगों में बिगड़ते प्रेम भाव और सांप्रदायिकता का जहर समाज में घुलता देख, मोहब्बत की दुकान खोलने जा रही है। इसके चलते जहरीलापन फिर से अमृत समान हो जाएगा । सभी भाई पहले की तरह ही एक दूसरे के साथ सहयोग शांति वांला व्यवहार करेंगे ।और फिर से अपनेपन की सारेगामा बहने लगेगी। मैंने पूछा लेकिन उन्हें यह मोहब्बत की दुकान पर मोहब्बत की शिक्षा कौन देगा? कौन क्या? इसमें पार्टी किसी नेता को नहीं बल्कि समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी और धर्म गुरुओं को भेजेगी। जिन्हें पहले बदली हुई परिस्थिति अनुसार ट्रेनिंग देकर, मोहब्बत की दुकान संभलाई जाएगी। लोगों में घुसपैठ मचाने वाला वाला पुराना दकियानूसी व सांप्रदायिक सोच धकेल कर अब मेल मिलाप वाला भाईचारे वाला सोच स्थापित किया जाएगा। ऐसा प्रयोग पहले अपने शहर के संवेदनशील स्थानों पर मोहब्बत की दुकान खोल कर करेंगे । यदि जनता की डिमांड हुई और समाज में फिर से सद्भावना की लहर दिखाई दी तो अन्य स्थानों पर भी इसे जल्द खोला जाएगा। मैंने कहा आज तो इस मोहब्बत की दुकान की सबसे ज्यादा जरूरत तो बांग्लादेश में है ,जहां वर्षों से साथ रह रहे लोग आपस में तलवार भांजने लगे हैं। सांप्रदायिक तनाव से वहां कभी भी सन्नाटा मच जाता है। कर्फ्यू लग जाता है। खून खराब हो रहा है। मुंशीराम बोले, वह विदेश का मामला है । हम दूसरे देश की राजनीति को प्रभावित नहीं करना चाहते। वह उनका आंतरिक मामला है । वहां की सरकार जाने और वहां की जनता जाने । हम बीच में फटे में टांग नहीं फंसाना चाहते । क्योंकि ऐसा करते हैं तो कभी भी मुंह की खानी पड़ सकती है । हम वहां मोहब्बत की दुकान खोल कर उसकी मान मर्यादा कम नहीं करना चाहते । हम फिल वक्त , इसे अपने शहर में ही खोलेंगे।

यदि इसके प्रभाव से जनता लाभान्वित होती है, तो भविष्य में कहां कहां यह दुकान खोली जा सकती है इसके लिए सर्वे कराया जाएगा ।और फिर जहां सबसे ज्यादा जरूर होगी वहीं दुकान खोली जाएगी। दुकान में इंडोर गेम , वाचनालय की व्यवस्था भी की जाएगी। सब साथ खेलेंगे। तभी हम गर्व से कह सकेंगे, हम सब हैं भाई भाई , स्नेह प्यार की प्रीत जगाई । इतना कह मुंशीराम उठकर जाने लगे। जाते हुए बोले जल्दी देखना , हमारी मोहब्बत की दुकान का भाईचारा। बस देखते रह जाओगे। और वह इतना कह तेजी से डग भरते आगे बढ़ गये।





**दिनेश विजयवर्गीय**
**215 मार्ग 4 रजत कॉलोनी ,बूंदी 323001**
**राजस्थान**
मोबाइल 94 131 28514

## कहानी

# फोटो

''कहानी-किस्से लिखता रहता है, काम तो रूपयों से चलता है ......... क्या रक्खा है कागज काले करने में? ..........'', धनसिंह ने अपने दोस्त ज्ञानसिंह से बडी अकड़ और घमण्ड के साथ कहा। ''अरे भाई, अपनी-अपनी रूचि है, मेरा काम तो चल ही रहा है, ज्यादा धन इकट्ठा करके क्या करेंगे ? मुझे लिखना-पढ़ना अच्छा लगता है, वो मैं कर रहा हूँ। तुझे पैसा चाहिए, तू कमाता रह'' - ज्ञानसिंह ने विनम्रता से कहा।

दोनों टी.वी. देखते-देखते बात कर रहे थे, टी.वी. पर न्यूज फ्लेश होने लगी - ''इस वर्ष का साहित्य रत्न पुरस्कार ज्ञानसिंह को दिया जावेगा।'' न्यूज देखकर धनसिंह व्यंग्य से बोला - ''कल तो तेरी फोटो अखबार में आयेगी।'' ज्ञानसिंह कुछ कहता उससे पहले ही धनसिंह का मोबाईल बजा - ''हेलो, हाँ बेटा क्या बात है?'' दूसरी तरफ से आवाज आई - ''पापा, फैक्ट्री पर छापा पड़ा है, सारा नकली घी पकड़ लिया, अखबार वाले भी साथ है।'' ज्ञानसिंह धीरे से बोला - ''धनसिंह, कल तो तेरी भी फोटो अखबार में आयेगी ......।''

**(अनिल कुमार जैन)**
**आदर्श नगर ''ए''**
**सवाई माधोपुर (राजस्थान)**
**मोबाईल नं. 9462113435**

## लघुकथा

# सुखद अनुभूति

आनंदम नेत्रालय बाहर से बड़ा भव्य लग रहा था। अंदर प्रवेश करते ही द्वारका प्रसाद जी और भी खुश हो गए। कृष्ण भगवान की मूर्तियां विभिन्न स्वरूपों में सजी हुई थी। दीवारों पर गीता के श्लोक भावार्थ सहित उत्कीर्ण किए गए थे। द्वारका प्रसादजी ओपीडी में जब अपना रजिस्ट्रेशन कराने गए तो निर्धारित फीस का उन्हें आधा ही भुगतान करना पड़ा। जब रिसेप्शनिस्ट से इस संबंध में पूछा तो उसने कहा कि सीनियर सिटीजन के लिए फीस में आधी छूट दी गई है। डॉक्टर को देखकर तो द्वारका प्रसाद जी हैरान ही रह गए। सादा सरल व्यक्तित्व, कोई तड़क-भड़क दिखावा नहीं। मृदुभाषी एवं पेशेंट को हर बात विस्तार पूर्वक समझाने वाले। मरीज को पर्याप्त समय देने वाले। अनावश्यक दवाइयों एवं जाचों से परहेज करने वाले डॉक्टर प्रणय सिंह को देखकर द्वारका प्रसाद जी आश्चर्यचकित रह गए। उन्हें यह सोचकर सुखद अनुभूति हो रही थी कि घोर व्यवसायिक युग में भी अपने पेशे के साथ न्याय करने वाले सेवा भावी लोग आज भी मौजूद हैं।

**ललित महालकरी**
**इंदौर**

## लघुकथा

# निश्चित

तो क्या मैं तेरे लिए मोतीचूर का लड्डू लाऊं ? द्रुद्ध विश्वनाथ बाबू ने आंखें तरेरते हुए आठ वर्षीय पुत्र श्याम से पूछा। बेटा डर कर मां से लिपट कर बिलखने लगा । मां ने सहमी , तिरछी नजरों से पति की ओर देखा और बेटे को कलेजे से लगा लिया । आखिर भूखा बच्चा लाठी तो नहीं भांज रहा था? मां की आंखें भर आई थी। तो सिखा दो लाठी भांजना .... फोड़ दे मेरा सिर.... तुम जैसी मां और कर ही क्या सकती है। विश्वनाथ उबल पड़े ।

आफिस का क्रोध मुझपर क्यों उतार रहें हैं ..? ईमानदारी बड़ा कठिन है , आप नहीं जानते थे... जानते थे तो औरों की तरह बेइमानी को क्यों नहीं जकड़ कर रखा....? विश्वनाथ बाबू कभी पत्नी की ओर तो कभी शून्य को निहारते .... कुछ बोल न पा रहे थे। जिस पर आघात पहुंचेगा वह तड़पेगा नहीं, कष्ट देगा नहीं । पत्नी फिर बोली । तो क्या करूं ....? बिक जाऊं.... बेईमान बनू? सभी लोगों के व्यंग बाण का आघात सहन करूं .... क्या करूं ? मैं यह कभी नहीं कहूंगी .... आप अपने पथ पर अग्रसर होते रहें .... अनसुना बन । एक न एक दिन आपकी जीत निशित है .... पत्नी ने बेटे की पीठ सहलाते हुए कहा। विश्वनाथ बाबू ने राहत की हल्की सांस ली ।

**हीरा लाल मिश्रा**
**खड़गपुर, पश्चिम बंगाल**
**Mob - 9933941962**






# दोपहिया वाहन चुराने वाले 3 शातिर वाहन चोरों की गैंग, पुलिस थाना अन्नपूर्णा की गिरफ्त में

## मुख्य आरोपी राहुल हर्निया के दो ऑपरेशन में हुए कर्जे को चुकाने करता था चोरी, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी जिला अशोकनगर में एक चोरी का अपराध हुआ है पंजीब

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर शहर में चोरी, नकबजनी, लूट वाहन चोरी आदि सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु इन घटनाओं की रोकथाम एवं उनमें संलिप्त आरोपियों की धरपकड के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन 4 इंदौर श्री ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस उपायुक्त जोन 4 इंदौर श्री आनंद यादव व सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा इन्दौर श्री शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में दिए दिशा निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए, पुलिस थाना अन्नपूर्णा को दोपहिया वाहन चोरी करने वाली एक शातिर गैंग को पकड़ने में सफलता मिलीं है। पुलिस थाना अन्नपूर्णा पर दिनांक 16.07.2024 को फरियादी डॉ. अमित अत्रे पिता भुवनेश अत्रे उम्र 44 साल निवासी सुदामा नगर इंदौर द्वारा अपनी सुजुकी स्कूटर क्रमांक MP09 u27647 के चोरी हो जाने की रिपोर्ट की जिस पर से थाना अन्नपूर्णा पर अपराध धारा 303(2) बी.एन.एस. का दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार उक्त अपराध एवं अन्य चोरी के अपराधों में माल मुलजिम की पतारसी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक संजू काम्बले को एक विशेष टीम गठित करने हेतु निर्देश दिए गए थे । जिस पर थाना प्रभारी द्वारा चोरी के अपराध में माल मुलजिम की पतारसी हेतु थाना अन्नपूर्णा पर एक विशेष टीम को लगाया। टीम द्वारा थाना अन्नपूर्णा के उक्त चोरी के अपराध में मुखबिर मामूर किए गए एवं घटना स्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया गया, संदेही व्यक्तियों से पूछताछ की गई, घटना स्थल के आसपास से करीब 10 किलोमीटर तक के क्षेत्र के करीब 450 सीसीटीव्ही फुटेज चेक किए गए। इसी बीच मुखबिर द्वारा पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नटराज गार्डन के पास चोरी की स्कूटी बेचने की फिराक में खड़ा है, मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम तत्काल मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचे एवं मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति को दूर से देखा एवं चारों तरफ से घेराबंदी की गई, पुलिस को देख उक्त अज्ञात व्यक्ति स्कूटी छोड़ भागा जिसे पुलिस फोर्स द्वारा पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछते उसने अपना नाम *1.राहुल राजपूत उम्र 25 साल निवासी सेक्टर ई सुदामा नगर इंदौर* का होना बताया। उक्त व्यक्ति से मिली स्कूटी के बारे में पूछताछ करते कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया बाद उक्त व्यक्ति को विधिवत मय चोरी की स्कूटी के थाना लाया गया एवं सघन पूछताछ करने पर आरोपी राहुल राजपूत द्वारा उक्त चोरी अपने दो अन्य साथी *2.अजय सिंह परिहार उम्र 23 साल निवासी ग्राम धन्नड पीथमपुर जिला धार एवं 3. राहुल चौहान उम्र 20 साल निवासी हड्डीमहल गुना* के साथ घटित करना बताई । बाद पुलिस टीम द्वारा अजय परिहार एवं राहुल चौहान को भी पकड़ा गया उसके बाद दोनों आरोपियों से सघन पूछताछ में उनके द्वारा बताए गए स्थान से कुल 10 दुपहिया वाहन पुलिस टीम द्वारा जब्त किए गए हैं इस प्रकार चोरी के कुल 11 दुपहिया वाहन पुलिस द्वारा जप्त किए गए हैं। आरोपियों द्वारा ये वाहन कहा कहां से चुराए है, इसके संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही हैं। आरोपी राहुल राजपूत के हर्निया के दो ऑपरेशन हो चुके है, जिसके कारण हुए कर्जे को चुकाने करता था चोरी। राहुल के विरुद्ध पूर्व में भी अशोकनगर में एक अपराध चोरी का होना पाया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों से अन्य चोरी के अपराधों में भी पूछताछ जारी है एवं आरोपियों की माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड ली जा रही है, जिसमे भी कई खुलासे होने की संभावना है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अन्नपूर्णा निरीक्षक संजू काम्बले, सउनि अजय सिंह चौहान, आर. जितेन्द्र सोलंकी, आर. ऋषिकेश रावत, आर. राकेश विश्वकर्मा, आर. सुनील सोनी थाना चंदन नगर एवं साईबर सेल जोन-4 आर. गौरव आर. अरविंद पटेल आर. अजय की सराहनीय भूमिका रही।





# इंदौर नगर निगम आयुक्त की सहृदयता कर रही सभी को कायल

## आमजन की त्वरित मदद का भाव कर रहा सभी को प्रभावित

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** आमजन की समस्याओं का समाधान हो, वह भी बड़े ही सहज भाव से तो आमजन एक आस भरी मनुहार लेकर संबंधित के पास पहुंचता है।

ऐसे में समस्या को पूरी सहजता, सहनशीलता और गंभीरता से लेकर उनके निराकरण की सकारात्मक पहल अनायास ही आवेदक को ऐसे अधिकारी के प्रति अपना बनाने को सहज कर देती है। जो जन चर्चा बन जाती है। ऐसा ही कुछ नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा की सहृदयता इन दिनों चर्चा में है। वह जनसुनवाई में आने वालों की समस्या को पूरे मनोभाव से सुनकर उनके निराकरण हेतु त्वरित और सकारात्मक प्रयास करते है। उनका बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य आवेदकों को सम्मान देना सभी को बडा रास आ रहा है। उनके पास समस्या के समाधान की गुहार लेकर आने वाले जाते समय संतुष्टि के भाव से जाते है। जन सुनवाई के दौरान बडी संख्या में गरीब बेसहारा वर्ग के लोग बड़ी उम्मीद लेकर उनके पास पहुंचते है। श्री वर्मा आवेदकों की समस्या को सुनते और निराकरण संबंधित पहल भी बडे ही त्वरितता से करते है। आज जनसुनवाई में कुछ ऐसा ही वाकया हुआ। एक दृष्टि बाधित परिवार उन्हें विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करने पहुंचा। क्योंकि नगर निगम आयुक्त श्री वर्मा ने पिछले दिनों इस दंपति की इकलौती बिटिया का एडमिशन प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल में कराया था और इस बच्ची की पूरी फीस भी निगम आयुक्त श्री वर्मा द्वारा ही भरी जा रही है। वही एक दुर्लभ गंभीर बीमारी से पीड़ित महिला श्रीमती रेणुका कछुवा आज निगम आयुक्त श्री वर्मा के पास स्वीकृति के बाद भी अब तक आवास नहीं मिलने की गुहार लगाने पहुंची। उक्त पीड़िता ने बताया कि सतपुड़ा परिसर बांगड़दा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट बुक कराया था लेकिन निगम द्वारा अब तक उसे फ्लैट नहीं दिया गया है, जिसके चलते वह किराए के मकान में रहने के लिए मजबूर है। गंभीर बीमारी के बीच सिलाई कार्य से जैसे तैसे बच्चों का पालन पोषण कर रही है।

उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। निगम आयुक्त श्री वर्मा उक्त पीडिता को भरोसा दिलाया कि दो माह के भीतर उन्हें फ्लैट दे दिया जाएगा। श्री वर्मा जन सुनवाई में आने वाले कई बुजुर्ग, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को सहृदयता से उनकी समस्या को सुनने के लिए पूरे विनम्रता के भाव से अपने स्थान से उठकर आवेदक के पास पहुंच जाते है तथा समस्या निराकरण हेतु हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए आत्मीयता से मिलते है। प्रत्येक आवेदक की समस्या को इत्मीनान से सुनकर जल्द निराकरण के निर्देश देते है। कई समस्याओं का तो तत्काल निराकरण करने से आमजन के बीच उनके प्रति अलग ही सम्मान का भाव जागा है।

# स्पेशल डीजी बनेंगी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव

इंदौर। संचालक लोक अभियोजन और स्पेशल डीजी सुषमा सिंह 31 अगस्त को सेवानिवृत हो रही हैं। उनकी जगह महिला सुरक्षा शाखा में एडीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को स्पेशल डीजी के पद पदोन्नत किया जाएगा। इसके बाद नवंबर में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना के रिटायर होने पर एक स्पेशल डीजी को डीजीपी बनने का अवसर मिलेगा।

तब एडीजी योगेश मुद्गल को स्पेशल डीजी पद पर पदोन्नत किया जाएगा। इस वर्ष अभी तक आठ आईपीएस अधिकारी रिटायर हो चुके हैं। वर्ष अंत तक छह और सेवानिवृत हो जाएंगे। प्रदेश में स्पेशल डीजी के काडर पद पांच हैं, जिनमें डीजीपी, डीजी जेल, डीजी होमगार्ड, चेयरमैन मप्र पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन और स्पेशल डीजी प्रशिक्षण का पद शामिल है। **स्पेशल डीजी के मिलाकर 12 पद हैं**-इन पांच के अतिरिक्त स्पेशल डीजी के सात नान काडर (असंवर्गीय) पद हैं। इस प्रकार डीजीपी और स्पेशल डीजी के मिलाकर प्रदेश में कुल 12 पद हैं। काडर पद कम होने के कारण स्पेशल डीजी बनाने के बाद भी अधिकारियों को असंवर्गीय पदों पर रखा जा रहा है, जबकि पदोन्नत हुए या होने वाले अधिकारी काडर पद की चाह रख रहे हैं। इसके लिए वह अंदर खाने जोर भी लगा रहे हैं। उधर, कुछ स्पेशल डीजी विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में डीजी पद की कोशिश में लगे हैं।

### यह अधिकारी इस वर्ष होंगे सेवानिवृत

नाम व पदनाम - सेवानिवृति
सुषमा सिंह स्पेशल डीजी - 31 अगस्त
राजेश गुप्ता एडीजी, अजाक - 30 सितंबर
अनिल कुमार गुप्ता, एडीजी पीटीआरआई - 30 सितंबर
आरके हिंगणकर, ओएसडी मुख्यमंत्री - 31 अक्टूबर
सुधीर कुमार सक्सेना, डीजीपी - 30 नवंबर
महेन्द्र सिंह सिकरवार, आईजी रीवा - 31 दिसंबर

# मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष बने मोहन नागर

**इंदौर।** बैतूल जिले के भारत भारती आवासीय विद्यालय के सचिव, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता, मोहन नागर को मध्य प्रदेश शासन ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें, मुख्यमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होते हैं। परिषद में मुख्यमंत्री के बाद उपाध्यक्ष ही सारे कार्य संचालन के लिए दायित्ववान होते हैं। मध्यप्रदेश शासन योजना आर्थिक व सांख्यिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के उप सचिव विकास मिश्रा द्वारा मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद में उपाध्यक्ष के पद पर मोहन नागर को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्य भार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष के लिए होगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद में उपाध्यक्ष को राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाता है। इस प्रकार नागर के जरिए बैतूल जिले को एक राज्य मंत्री मिलने जा रहा है। नागर की पहचान कर्मठ समाजसेवी और पर्यावरण विद् की है। वे लंबे समय से आदिवासी बाहुल्य जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहे हैं। उनकी इस पद पर नियुक्ति बैतूल जिले के लिए वाकई तस्वीर बदलने वाली हो सकती है।

# अब भोपाल में होगी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट

**इंदौर।** मप्र में औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सबसे अधिक फोकस है। इसकी वजह यह है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास से बेरोजगारी की समस्या कम होगी। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री की पहल पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। वहीं एमपीआईडीसी यानी मप्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट कार्पोरेशन मतलब औद्योगिक विकास केंद्र के मुख्य कार्यालय के अनुसार 2 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अगले साल इंदौर की बजाय 2025 में 7 और 8 फरवरी को भोपाल में होगी।

पिछले 18 सालों में ऐसा दूसरी बार होने जा रहा है कि मध्यप्रदेश की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट इंदौर से बाहर होने जा रही है। पहली बार इन्वेस्टर समिट इंदौर से बाहर खजुराहो में साल 2010 में 22-23 अक्टूबर को हुई थी। अब दूसरी बार मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में होने जा रही है। एमपीआईडीसी के अधिकारियों के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार ने औद्योगिक निवेश नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अभी तक हर 2 साल में एक बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सारे मध्यप्रदेश में सिर्फ इंदौर में होती थी। इसलिए पिछले 18 साल में अधिकांश बड़े निवेशकों की पहली पसंद पीथमपुर, धार सहित इंदौर सम्भाग के औद्योगिक व निवेश क्षेत्र हुआ करते थे। इसलिए इस बार मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले संभागीय इन्वेस्टर्स समिट मतलब रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत अपने गृह नगर उज्जैन से की है, ताकि नया औद्योगिक निवेश मध्यप्रदेश के अन्य और नए औद्योगिक निवेश क्षेत्रो में भी बढ़े। एमपीआईडीसी मुख्य कार्यालय भोपाल के अनुसार मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत 2007 में इंदौर से शुरू हुई थी। साल 2010 की खजुराहो में हुई समिट को छोडक़र पिछले 18 सालों से अब तक की सारी इन्वेस्टर्स समिट इंदौर में ही होती आई है।

# JSSG स्वस्तिक ग्रुप द्वारा जन्मअष्टमी रास उल्लास का आयोजन

**इंदौर।** JSSG स्वस्तिक ग्रुप द्वारा जन्मअष्टमी रास उल्लास का आयोजन सुरुचि गार्डन में रखा गया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रभात-प्रतिभाजी चोपड़ा ने बताया कि ग्रुप के संयोजकगण पंकज-प्रगति बाफना, संजय-मंजू पोरवाल, रूपेंद्र-नम्रता जैन, अमित-राखी मेहता व आशीष-श्वेता मेहता, ब्रज की टोली के रूप में सजसवर कर जन्माष्टमी थीम पर आधारित मीटिंग की मेजबानी की, जिसमें ग्रुप के सदस्यों द्वारा मटकी फोड़, रैंप वॉक, नृत्य, गेम्स, खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पुरस्कार जीते। वही ग्रुप के अध्यक्ष आशीष-नेहाजी पारख़ कृष्ण के माता-पिता वासुदेव-देवकी के रूप में सज धज कर आए, और ग्रुप के सदस्य व बच्चे के द्वारा राधा-कृष्ण के वेश में नृत्य व रैंप वॉक के द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुति दी।

## विचार प्रवाह

# भगवान ने जो कुछ दिया है उसी में खुश रहना चाहिए



आदमी अपना दुःख तो किसी तरह बर्दास्त कर लेता है लेकिन उससे दूसरों का सुख बर्दास्त नहीं होता है!! दूसरों के सुख से दुखी रहने वाला ईर्ष्या से पीड़ित होता है । उसके मन में सदा यही भावना रहती है कि उसे संसार के सारे सुख मिल जाएं , चाहे दूसरों को दुःख क्यों न मिले। यह स्वार्थपरता है । दूसरों को गिराने में लगा व्यक्ति जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता ।दूसरे के सुख से आख़िर जलन क्यों? आख़िर क्यों अपने ही सुख से सुखी क्यों नहीं रहना है । आज कल एक नया ही प्रचलन चल रहा है , अधिकतर आदमी दूसरे को देखते हैं। दूसरे को सुखी देख करके खुद परेशान हो जाते हैं खुद दुखी हो जाते हैं। एक राजा बहुत दिनों बाद अपने बगीचे में सैर करने गया, पर वहां पहुँच उसने देखा कि सारे पेड़-पौधे मुरझाए हुए हैं। राजा बहुत चिंतित हुआ, उसने इसकी वजह जानने के लिए सभी पेड़-पौधों से एक-एक करके सवाल पूछने लगा। ओक वृक्ष ने कहा, वह मर रहा है क्योंकि वह देवदार जितना लंबा नहीं है। राजा ने देवदार की और देखा तो उसके भी कंधे झुके हुए थे क्योंकि वह अंगूर लता की भांति फल पैदा नहीं कर सकता था। अंगूर लता इसलिए मरी जा रही थी कि वह गुलाब की तरह खिल नहीं पाती थी। राजा थोड़ा आगे गया तो उसे एक पेड़ नजर आया जो निश्चिंत था, खिला हुआ था और ताजगी में नहाया हुआ था। राजा ने उससे पूछा, बड़ी अजीब बात है, मैं पूरे बाग़ में घूम चुका लेकिन एक से बढ़कर एक ताकतवर और बड़े पेड़ दुखी हुई बैठे हैं लेकिन तुम इतने प्रसन्न नज़र आ रहे हो... ऐसा कैसे संभव है ? पेड़ बोला, महाराज, बाकी पेड़ अपनी विशेषता देखने की बजाय स्वयं की दूसरों से तुलना कर दुखी हैं, जबकि मैंने यह मान लिया है कि जब आपने मुझे रोपित कराया होगा तो आप यही चाहते थे कि मैं अपने गुणों से इस बागीचे को सुन्दर बनाऊं, यदि आप इस स्थान पर ओक, अंगूर या गुलाब चाहते तो उन्हें लगवाते! इसीलिए मैं किसी और की तरह बनने की बजाय अपनी क्षमता के अनुसार श्रेष्ठतम बनने का प्रयास करता हूँ और प्रसन्न रहता हूँ। **शिक्षाः** हम अक्सर दूसरों से अपनी तुलना कर स्वयं को कम आंकने की गलती कर बैठते हैं। दूसरों की विशेषताओं से प्रेरित होने की बजाय हम अफ़सोस करने लगते हैं कि हम उन जैसे क्यों नहीं हैं। हम सभी में कुछ ऐसी योग्यता है, जो अन्य लोगो में नहीं है। जरुरत है तो सिर्फ उसे पहचानने की और उस गुणवत्ता को और विकसित कर अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की। अगर हम यकीन कर ले की हम सफल हो सकते है,तो इससे दूसरे भी हम पर विश्वास करने लगते है। इंसान की सबसे बड़ी कमजोरी खुद का मूल्यांकन कम करने की होती है। हमें अपनी कमिया पता होना अच्छी बात है। इनसे हमें यह पता चलता है की हमें किस क्षेत्र में सुधार करना है। हमेशा अपने गुणों,अपनी योग्यताओं पर ध्यान केन्द्रित करें। यह जान लें,आप जितना समझते हैं,आप उससे कहीं बेहतर हैं। बड़ी सफलता उन्हीं लोगों का दरवाजा खटखटाती है जो लगातार खुद के सामने ऊंचे लक्ष्य रखते हैं,जो अपनी कार्यक्षमता सुधारना चाहते हैं..!!दूसरों के सुख से दुखी रहने वाला ईर्ष्या से पीड़ित होता है । उसके मन में सदा यही भावना रहती है कि उसे संसार के सारे सुख मिल जाएं , चाहे दूसरों को दुःख क्यों न मिले । यह स्वार्थपरता है । दूसरों को गिराने में लगा व्यक्ति जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता ।दूसरे के सुख से आख़िर जलन क्यों? आख़िर क्यों अपने ही सुख से सुखी क्यों नहीं रहना है । आज कल एक नया ही प्रचलन चल रहा है , अधिकतर आदमी दूसरे को देखते हैं। एक दूसरे को सुखी देख करके खुद परेशान हो जाते हैं खुद दुखी हो जाते हैं। एक राजा बहुत दिनों बाद अपने बगीचे में सैर करने गया, पर वहां पहुँच उसने देखा कि सारे पेड़-पौधे मुरझाए हुए हैं। राजा बहुत चिंतित हुआ, उसने इसकी वजह जानने के लिए सभी पेड़-पौधों से एक-एक करके सवाल पूछने लगा। ओक वृक्ष ने कहा, वह मर रहा है क्योंकि वह देवदार जितना लंबा नहीं है। राजा ने देवदार की और देखा तो उसके भी कंधे झुके हुए थे क्योंकि वह अंगूर लता की भांति फल पैदा नहीं कर सकता था। अंगूर लता इसलिए मरी जा रही थी कि वह गुलाब की तरह खिल नहीं पाती थी। राजा थोड़ा आगे गया तो उसे एक पेड़ नजर आया जो निश्चिंत था, खिला हुआ था और ताजगी में नहाया हुआ था। राजा ने उससे पूछा, बड़ी अजीब बात है, मैं पूरे बाग़ में घूम चुका लेकिन एक से बढ़कर एक ताकतवर और बड़े पेड़ दुखी हुई बैठे हैं लेकिन तुम इतने प्रसन्न नज़र आ रहे हो... ऐसा कैसे संभव है ? पेड़ बोला, महाराज, बाकी पेड़ अपनी विशेषता देखने की बजाय स्वयं की दूसरों से तुलना कर दुखी हैं, जबकि मैंने यह मान लिया है कि जब आपने मुझे रोपित कराया होगा तो आप यही चाहते थे कि मैं अपने गुणों से इस बागीचे को सुन्दर बनाऊं, यदि आप इस स्थान पर ओक, अंगूर या गुलाब चाहते तो उन्हें लगवाते! इसीलिए मैं किसी और की तरह बनने की बजाय अपनी क्षमता के अनुसार श्रेष्ठतम बनने का प्रयास करता हूँ और प्रसन्न रहता हूँ। हम अक्सर दूसरों से अपनी तुलना कर स्वयं को कम आंकने की गलती कर बैठते हैं। दूसरों की विशेषताओं से प्रेरित होने की बजाय हम अफ़सोस करने लगते हैं कि हम उन जैसे क्यों नहीं हैं। हम सभी में कुछ ऐसी योग्यता है, जो अन्य लोगो में नहीं है। जरुरत है तो सिर्फ उसे पहचानने की और उस गुणवत्ता को और विकसित कर अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की। अगर हम यकीन कर ले की हम सफल हो सकते है,तो इससे दूसरे भी हम पर विश्वास करने लगते है। इंसान की सबसे बड़ी कमजोरी खुद का मूल्यांकन कम करने की होती है। हमें अपनी कमिया पता होना अच्छी बात है। इनसे हमें यह पता चलता है की हमें किस क्षेत्र में सुधार करना है। हमेशा अपने गुणों,अपनी योग्यताओं पर ध्यान केन्द्रित करें। यह जान लें,आप जितना समझते हैं,आप उससे कहीं बेहतर हैं। बड़ी सफलता उन्हीं लोगों का दरवाजा खटखटाती है जो लगातार खुद के सामने ऊंचे लक्ष्य रखते हैं,जो अपनी कार्यक्षमता सुधारना चाहते हैं..!! अतः हमेशा जो इश्वर ने दिया है उसमें खुश रहना चाहिए ।

**ऊषा शुक्ला**
**इफ़को आँवला बरेली यूपी**

# जनसुनवाई में 50 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

**खरगोन।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 27 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल एवं डिप्टी कलेक्टर श्री सत्येन्द्र बैरवा ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण के निर्देष दिए गए।





जनसुनवाई में 50 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देष दिए गए। जनसुनवाई में गोगांवा तहसील के ग्राम देवली के निवासी गिरधारी षिकायत लेकर आये थे कि उसकी निजी भूमि पर लगे 60 से अधिक नीम के पेड़ों की ग्राम के ही चन्दर एवं करन राजपुत द्वारा अवैध रूप से कटाई कर बेच दिया गया है। यह सभी पेड़ 60 से 70 साल पुराने थे। अतः दोषी व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और उसे नुकसानी का हर्जाना दिलाया जाए। काजीपुरा खरगोन के ईस्लामुद्दीन शेख षिकायत लेकर आये थे कि शासकीय कन्या हाई स्कूल खरगोन में पदस्थ बीएलओ को उसके द्वारा अपनी पुत्री रूखसार का वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए 01 साल पहले चार बार समस्त दस्तावेज सौंपे गए हैं। लेकिन बीएलओ द्वारा अब तक उसकी पुत्री का वोटर आईडी कार्ड नहीं बनाया गया है। अतः उसकी पुत्री का वोटर आईडी कार्ड शीघ्र बनवाया जाए। जनसुनवाई में कसरावद तहसील के ग्राम जामला का निवासी मुन्नवर मजिद षिकायत लेकर आये थे कि उसके खेत के पास से पीपरी योजना की नहर निकाली गई है। जिसमें पाईप से पानी आता है। लेकिन नहर उसके खेत के पास होने के कारण पाईप का सारा पानी दिन भर उसके खेत में आ जाता है। जिसके कारण उसकी 03 एकड़ की फसल का नुकसान हो गया है। अतः उसे फसल नुकसानी का मुआवजा दिया जाए और पाईप के पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जाए। जनसुनवाई में छात्र जयप्रकाष पंवार षिकायत लेकर आया था कि उसे छात्रवृत्ति की 9042 रुपये की राषि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। जयप्रकाष का कहना था कि उसने वर्ष 2021-22 में नियमित छात्र के रूप में पॉलिटेक्निक कॉलेज खरगोन से कम्प्यूटर साइंस ब्रांच में अध्ययन किया है। उसके साथ के सभी छात्रों को छात्रवृत्ति की राषि मिल गई है, लेकिन उसे अब तक यह राषि नहीं मिली है। अतः छात्रवृत्ति की राषि का शीघ्र भुगतान किया जाए।

# जिला स्तरीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**खरगोन।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 आयु वर्ग में आयोजित बालक बालिकाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालयों के 90 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षा विभाग की सहायक संचालक सुश्री सोनालिका आचार्य एवं आदित्य विद्या विहार के डायरेक्टर का अनिल रघुवंशी एवं महाविद्यालय के खेल अधिकारी गगन चौधरी एवं प्राचार्य आदित्य विद्या विहार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सुश्री आचार्य ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अवसर उपलब्ध करा रहा हैं। आप पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में सहभागिता करें जो विद्यार्थी खेलों से जुड़े होते हैं वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से हष्ट पुष्ट तो बनते ही है संस्कारवान और अनुशासित भी होते हैं। श्री अनिल रघुवंशी ने विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह चैंपियनशिप आप समस्त खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जो अच्छे खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे, वे आने वाले समय में संभाग, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए नजर आएंगे। सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अभ्यास प्रतिदिन करें। प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उमावि बड़वाह, शासकीय सीएम राइज स्कूल बड़वाह, आदित्य विद्या विहार खरगोन, गोकुलदास पब्लिक स्कूल खरगोन, बाल शिक्षा निकेतन खरगोन, सेंट जुद स्कूल खरगोन, बीकेजी स्कूल, खरगोन ऋषिकुल पब्लिक स्कूल खरगोन, सेंट मैरी स्कूल खरगोन आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए प्रमुख रूप से श्री डीएस चौहान, यशवंत मौरे, हबीब बेग मिर्जा, झबर सिंह मंडलोई, इकबाल खान आदि का योगदान रहा।



# कार्यालय नगर परिषद कसरावद द्वारा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वार्ड नं 1 फुटला तालाब पर पौधारोपण किया गया

**कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे**

**कसरावद ।** मंगलवार को अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बाडी रिजुविनेषन योजना हेतु नगर के वार्ड क्र. 01 में स्थित फुटला तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह जी यादव, पार्षद श्री डॉ. शिरीष जायसवाल, श्री चन्द्रशेखर राठौर, सकल पंच बलाई समाज के वरिष्ठजन श्री कैलाशचंद गांगले, श्री अशोक जी राणे, श्री बिहारी जी भालसे, श्री झबरसिंह जी अडतीया, श्री मंशाराम जी हिंगोलें, श्री राजाराम जी खण्डे, श्री निलेष जी मोये, पार्षद प्रतिनिधी श्री सईद हैडली, श्री परमानंद खेडे, श्री प्रदिप सोलंकी, श्री मोहन जी वर्मा, श्री इम्तियाज पटेल, वृक्षारोपण ग्रुप के सदस्य श्री जे.पी. पाटीदार, श्री जितेन्द्र जी पाटीदार वस्त्रम, श्री लल्ली पाटीदार, श्री विरेन्द्र जी अड़वानी, श्री सुमित जी पाटीदार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधी श्री कमलेश जी पाटीदार, श्री शांतिलाल जी टिकावदे व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमलेश जी गोले, एवं निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अपरवेदा बांध का जलस्तर सुरक्षित रखने खोला जाएगा गेट, निचले ग्रामों में अलर्ट

**खरगोन।** 27 अगस्त को अपरवेदा बांध का जलस्तर पूर्ण भराव क्षमता एफआरएल से 0.45 मीटर कम 316.55 मीटर तक पहुच गया है। बांध में जल स्तर सुरक्षित लेवल तक बनाएं रखने के लिए बांध का 01 गेट 1.00 मीटर खोला जाना है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नदी के किनारे के ग्रामों में सर्तकता बरतने के निर्देश जारी किये हैं।

आम लोगों से भी अपील की गई है कि नदी, नालों के पुल-पुलियों पर पानी हो तो उसे पार न करें। अपरवेदा परियोजना भीकनगांव के सहायक यंत्री श्री शुभम दुबे ने बताया कि सोमवार की रात्रि 8 बजे से मध्य रात्रि 02 बजे तक अपरवेदा बांध का गेट खोला जाएगा।

जिससे लगभग 130 क्यूमेक पानी छोड़ा जाएगा। बांध में जल स्तर बढ़ने पर और अधिक गेट खोलने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। जल स्तर कम होने पर गेट को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। अपरवेदा बांध का गेट खोलने से निचले क्षेत्र में पानी का बहाव तेजी से बढ़ेगा। निचले क्षेत्र में बसे ग्रामों को सावधानी बरतने व अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को

**खरगोन।** लोक शिक्षण संचालनालय का इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तर के इस समारोह में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार में 14 शिक्षकों को और पिछले वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये शिक्षकों से आवेदन-नामांकन प्राप्त किये जाकर जिला चयन समिति एवं संभागीय चयन समिति की अनुशंसा प्राप्त की गई है। इस प्रक्रिया के बाद राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा कक्षा 1 से 8 प्राथमिक माध्यमिक श्रेणी में 8 शिक्षकों और कक्षा 9 से 12 उच्चतर माध्यमिक श्रेणी में 6 शिक्षकों इस प्रकार कुल 14 शिक्षकों का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयन किया गया है। इन सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# 1 से 31 तारीख होगा खाद्यान्न का आवंटन

## जिस माह की राशन सामग्री है उसी माह प्राप्त करें

**खरगोन।** भारत सरकार द्वारा एनएफएसए, 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों प्रतिमाह वितरित खाद्यान्न के डाटा का मिलान के लिए मैपर्स रिपोर्ट की संशोधित स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार 01 से 31 तारीख तक आवंटन माह में पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समय-सीमा निर्धारित की गई है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे ने समस्त पर्चीधारी उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि प्रचलित महिने की राषन सामग्री उसी महिनें यानि 01 से 31 तारीख तक ही प्राप्त कर लें। जो उपभोक्ता निर्धारित माह में किसी कारण से राषन सामग्री नहीं प्राप्त करता हैं तो उन्हें दूसरे माह की राषन की पात्रता नहीं होगी। जिले के एनएफएसए, 2013 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को सूचित किया है कि माह अगस्त 2024 की राशन सामग्री 31 तारीख तक ही प्राप्त होगी। आगामी माह में अगस्त माह का खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जायेगा तथा प्रतिमाह जिस माह की राशन सामग्री है उसी माह प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

# शिक्षक दिवस के मौके पर होंगी शैक्षिक संगोष्ठी

**खरगोन।** शिक्षक दिवस के आयोजन के मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ष्नवीन शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रौद्योगिकी का उपयोग और आनंदमयी शिक्षणष् विषय पर विकासखंड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी होगी। इसी श्रृंखला में जिला स्तरीय संगोष्ठी में ''प्रारंभिक शिक्षा के लिये प्राथमिक विद्यालयों का आवश्यकता तथा योगदान'' विषय पर संगोष्ठी होगी। राज्य स्तर पर होने वाली संगोष्ठी में ''भारतीय परिदृष्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता तथा महत्व'' विषय पर चर्चा होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को इन संगोष्ठियों में अधिक से अधिक सहभागिता किये जाने के निर्देश दिये हैं। संगोष्ठी 4 सितम्बर को होंगी। राज्य स्तरीय ज्यूरी द्वारा राज्य स्तर की शैक्षिक संगोष्ठी से चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी राज्य स्तर के इस कार्यक्रम में शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान-2024 सम्मानित एवं गत वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 से सम्मानित शिक्षकों को कार्यक्रम के बाद एक्सपोजर विजिट भी कराया जाएगा।

# आरबीआई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन

## स्नातक स्तर पर अध्ययनत विद्यार्थी 17 सितंबर तक करा सकते हैं पंजीयन

**खरगोन।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर पर महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का पंजीयन 17 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। पंजीयन कराने के लिए प्रतिभागी विद्यार्थी की आयु 1 सितंबर 2024 को 25 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। विद्यार्थी को किसी महाविद्यालय में स्नातक स्तर अध्ययनरत होना चाहिए। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री एसएस सोलंकी ने बताया कि पंजीयन दो-दो विद्यार्थियों के समूह में होगा। पंजीयन के पश्चात ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। जिसमें सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किये जाएंगे। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी, द्वितीय राउंड में जायेगें जो कि जोनल स्तरीय राउंड होगा। जिसमें चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी जायेगी। राज्य स्तरीय राउंड में प्रथम पुरस्कार 02 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1.5 लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 01 लाख रुपये का दिया जाएगा। वहीं जोनल स्तरीय राउंड में प्रथम पुरस्कार 05 लाख रुपये, द्वितीय 04 लाख एवं तृतीय पुरस्कार 03 लाख रुपये का दिया जाएगा। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के फाइनल राउंड में प्रथम पुरस्कार 10 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 08 लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 06 लाख रुपये का दिया जाएगा।

# भाजपा दो सितंबर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे अगुवाई

**महेश्वर।** भाजपा 2 सितंबर से अपना नया सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी के तहत संगठन पर्व सदस्यता अभियान की मंडल महेश्वर कार्यशाला नगर के भारूड़ समाज धर्मशाला में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सदस्यता अभियान जितेंद्र आर्य,विधायक राजकुमार मेव ने



कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। स्वागत भाषण में भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जानकारी दी। जिला प्रभारी जितेंद्र आर्य ने बताया कि सदस्यता अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा।

पहला चरण 2 सितंबर से 25 सितंबर तक चलेगा जबकि दूसरा चरण एक सप्ताह के अंतराल के बाद शुरू होगा और 15 अक्टूबर को समाप्त होगा। विधायक राजकुमार मेव ने कार्यकर्ताओं से बड़े पैमाने पर आम जन को पार्टी के साथ जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा से 'विकसित भारत' का निर्माण होगा। कार्यक्रम का संचालन नवीन कुशवाह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार मनोज पाटीदार ने माना। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 2 से 6 सितंबर तक शिविर का आयोजन

**खरगोन।** संचालक, पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा म.प्र. के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंषन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए आगामी 02 से 06 सितंबर 2024 तक जिला पेंषन कार्यालय खरगोन में षिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला पेंषन अधिकारी श्री आनंद पटले ने बताया कि 02 से 06 सितंबर तक जिला पेंषन कार्यालय खरगोन में लंबित पेंषन प्रकरणों के निराकरण के लिए षिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस षिविर में सेवानिवृत्त हो चुके एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंषन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा गया है कि अपने कार्यालय के सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण में विसंगती निराकरण कर ऑनलाइन एवं सेवापुस्तिका सहित प्रकरण जिला पेंषन कार्यालय को भेजें। जिससे संबंधित कर्मचारी के पेंशन प्रकरण को शीघ्र निराकृत किया जा सकेगा।








### खंडवा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# बोरगॉव के सराफा बाजार मे हुई बड़ी चोरी का 48घंटे मे किया खुलासा

## चार आरोपी गिरफ्तार 30 लाख रुपये के जेवर बरामद

**खंडवा,** फरियादी जयदीप पिता प्रकाशचंद सोनी उम्र 40 साल निवासी बोरगांव अपने साथ रुपेश पिता सिताब सोनी ने आकर रिपोर्ट करि कि उसकी ग्राम बोरगांव में जयदीप आभूषण की दुकान है। सुबह करीबन 06.00 बजे उसके पिता प्रकाशचंद सोनी ने बताया कि सोने चांदी की दुकान में चोरी हो गई है, जाकर देखा तो देखा घर के साईड वाली खिडकी के सरिये कटे हुए थे एवं दुकान के अंदर सोना चांदी का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर के शोकेश, अलमारी, ड्राज मे रखे चांदी के जेवर नहीं थे। कोई अज्ञात बदमाश घर की खिडकी के सरिये काटकर अंदर घुसकर दुकान में रखे चांदी के जेवर जिसमे बाजुबंद, मोतिया कंदौरा, कामी, रमझोड, कटेरी जोड, भावटिया, जोडवे, बिछुडी, पायल, चेन, मंगलसूत्र, हाथ के कडे, हाथ छटी, पेंडल, कड़ी, काली चांदी के कंगन, चेन, पायल, कडे व सोने की रकम, लोंग काटे, मोती, नथ, झुमकी, टाप्स, पुराने करीबन 15 किलो ग्राम तथा घर के सामने रखी स्पेलेण्डर मोटर सायकल क्रमांक एम. पी 12/एम ए/4250 को चुराकर लेकर गये है। तथा दुकाने के सामने रहने वाले रुपेश पिता सिताब के यहा से भी दुकान का शटर उचका कर अंदर घुसकर चांदी के जेवर, रमजोड, चप्पक, मंगलसूत्र, चेन, चांदी की चूडी, कमर कंदोरा, कडे बिछिया, अंगूठी, लोंग, करीबन 03 किलो ग्राम के ले गये है। रिपोर्ट पर थाना पंधाना मे अपराध क्रमांक 353/24 धारा 331(4), 305 ब्नहस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(शहर) श्री महेन्द्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान के नेतृत्व मे थाना प्रभारी पंधाना निरीक्षक श्री दिलीप सिंह देवड़ा, चौकी प्रभारी बोरगॉव रामप्रकाश यादव एवं उनके स्टाफ के साथ चोरी करने वाले आरोपियों एवं मशरुका की तलाश पतासाजी हेतु जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाला गैंग बाहरी है, टीम के सदस्यों को उज्जैन, रतलाम, शाजापुर तरफ रवाना किया गया। थाना प्रभारी सुनहरा जिला शाजापुर द्वारा सूचना दी गई कि बोरगॉव मे हुई चोरी के सदस्य खंडवा जिले मे नर्मदानगर के जंगल के रास्ते गुना तरफ भागने के फिराक मे है। आरोपी अपने साथ टोयोटा कार- एमपी 08 सीए 3745 लिए हैं।

सूचना पर थाना प्रभारी पंधाना एवं उनकी टीम नर्मदानगर डेम के पास पहुचे जहां जंगल के पास मे वाहन टोयोटा कार क्रमांक एमपी 08 सीए 3745 दिखी जिसे चेक किया गया उसमे चार व्यक्ति मिले, कार की तलाशी मे काफी मात्रा मे सोने एवं चाँदी के जेवरात मिले। चारो व्यक्तियों से पूछताछ की गई जो बोरगॉव मे सोने चाँदी की दुकान मे चोरी करना स्वीकार किया गया जिसका मौके पर विडिओग्राफी की गई। मौके पर जप्ती की कार्यवाही की गई। आरोपियों से जिले के अन्य चोरी की वारदात एवं अन्य साथियों के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

### नाम पता आरोपी

जाहिद खान पिता इकबाल खान जाति पठान उम्र 39 साल निवासी कर्नल गंज थाना गुना जिला गुना। संदीप उर्फ द्वारपाल पिता बाबू आदिवासी उम्र 20 साल निवासी मातापुरा थाना केंट गुना जिला गुना। फरहान पिता अब्दुल जाहिद खान उम्र 28 साल निवासी कर्नल गंज थाना गुना जिला गुना। नरेंद्र पारदी पिता श्रीकिशन पारदी उम्र 28 साल निवासी खेजडा थाना धरनावदा जिला गुना।

**जप्त मशरुका:** चाँदी के जेवर वजन 24 किलोग्राम व सोने के जेवर वजन 120 ग्राम कुल कीमती करीब तीस लाख रुपये एवं वाहन टोयोटा कार क्रमांक एमपी 08 सीए 3745।

**सराहनीय भूमिका:** निरीक्षक दिलीप सिंह देवड़ा, उनि राम प्रकाश यादव, सउनि महेंद्र यादव, सउनि प्रताप वास्कले, सउनि अमर सिंह, प्रआर. 480 जितेंद्र राठोर, प्रआर 55 रफीक, प्रआर 491 विक्रम, प्रआर. अमर प्रजापति, प्रआर. सुनील सेंगर, प्रआर राजेश मीणा आर. राहुल परमार, आर. अनिल, जमरे, आर 75 सुरसिंग, सागर बड़ोले एवं थाना सुनहरा जिला शाजापुर के थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल निगवाल एवं उनि अरविन्द सिंह तोमर तथा उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है। सराहनीय भूमिका निभाने वाली टीम को पुलिस महानिरीक्षक जोन इंदौर (ग्रामीण) द्वारा नगद ईनाम से पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है। फरियादी जयदीप पिता प्रकाशचंद सोनी उम्र 40 साल निवासी बोरगांव एवं रुपेश पिता सिताब सोनी निवासी बोरगॉव थाना पंधाना द्वारा चोरी गये माल मशरुका की बरामदगी से संतुष्ट होकर खंडवा पुलिस के कार्य की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय का सम्मान किया गया

# पंडित शिवकुमार चवरे की स्मृति समारोह अंतर्गत व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 को

**खंडवा ।** साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा डॉ विकास दवे के निर्देशन में पंडित शिवकुमार चौरे स्मृति समारोह व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन 28 अगस्त को आयोजित होगा, समाजसेवी व कला प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान के साथ ही शिवकुमार चवरे द्वारा रचित नाट्य मंचन तमसा-तट की प्रस्तुति आयोजित होगी, व्याख्यान में नव गीतकार अशोक गीते समाजसेवी रविंद्र महोदय इंदौर, लेखक एवं रंग कर्मी अक्षय कुमार चवरे का व्याख्यान होगा, व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेश डोंगरे द्वारा की जाएगी, 28 अगस्त बुधवार को सिविल लाइन स्थित रविंद्र भवन किशोर सभागृह में शाम 7~00 व्याख्यान के साथ ही तमसा तक नाट्य का मंचन निदेशक राजेंद्र चावड़ा प्रस्तुति रंग उत्सव उज्जैन की रहेगी, आयोजित कार्यक्रम में नट निमाड़ कला समूह खंडवा बालिका कला मंदिर का सहयोग रहेगा संयोजक संतोष तिवारी रहेंगे एवं संचालन प्रफुल्ल मंडलोई द्वारा किया जाएगा, नट निर्माण कला समूह के शरद जैन ने सभी शहर वासियों से व्याख्यान एवं नाट्य मंचन के कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है ।

## बाहर के ईटं व्यापारियों का माल क्षेत्र में आने से स्थानीय प्रजापति समाज के लोग नाराज जिनकी शिकायत के बाद ईट से भारी सनावद से आ रही ट्राली पकड़ी गई

**खंडवा /मुंदी।** ओवरलोड बालू रेत एवं राखड़ के डंपरो जैसे वाहनों का हब बन चुके मुंदी क्षेत्र मे अब ओवरलोड रेत एवं ईट के ट्रेक्टर ट्राली भी सरपट रोड पर दौड़ रहे है जो कभी किसी के लिए काल बन सकते है। इस प्रकार के ओवरलोड वाहन कही लोगो को निगल चुके है। जिनपर नियंत्रण कि मुख्य जिम्मेदारी तो यातायात विभाग कि होती है लेकिन यातायात का महकमा नाम मात्र कि कार्यवाही कर खानापूर्ति का देते है। मंगलवार को मुंदी नगर के रहवासी इलाके से एक और लोड ट्रैक्टर ट्रॉली को मुखबीर की सूचना पर प्रशासन द्वारा पकड़ा।जिसमें क्षमता से अधिक ईट भरी हुई थी।और वह सनावद तरफ से ईट लेकर आया आया था। बताया जाता है कि सनावद जिला खरगोन से मूंदी ऐरिया मे ईट भरकर आने वाले ओवर लोडिंग वाहनो की प्रशासन व्दारा धरपकड जारी है मंगलवार को सुतार गली मूंदी मे मुखबिर की सूचना पर आज ईट से भरी ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली को पुनासा एसडीएम के निर्देश पर मूंदी पटवारी धर्मेंद्र सिसोदिया ने पकडा और मोके पर पंचनामा बनाया। जिसमे उल्लेख है कि ट्राली मे क्षमता से अधिक ईट भरी हुई थी । यह ईट ट्रेक्टर ट्राली से मूंदी ओवरलोड परिवहन करके लाई गई थी । ट्रेक्टर मालिक बासवा जिला खरगोन का होना चालक ने बताया है । पंचनामा बनाकर उकत वाहन मूंदी थाने की अभिरक्षा मे देकर थाना परिसर मे खडा कराया गया है।

# जन्माष्टमी के पावन पर्व पर दलित समाज की बेटी से कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने बंधवाई राखी

### प्रत्येक बहन रक्षा सूत्र बांधने के साथ अपने भाई को हेलमेट पहनने का संकल्प दिलवाएं, मंत्री विजय शाह



**खंडवा/ खालवा ।** रक्षा और सुरक्षा भाई बहनों का रक्षाबंधन त्यौहार रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक मनाया जाता है, जन्माष्टमी के इस पावन पर्व पर देशभर में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है,वहीं राखी बंधवाकर बहनों से आशीर्वाद भी लिया जाता है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के जनजाति कार्य विभाग कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने दलित समाज की कोटवार की बेटी से कलाई पर राखी बधवाकर आशीर्वाद लिया ओर कहा कि अगले वर्ष सभी बहने अपने भाइयों की रक्षा के लिए हाथ पर रक्षा सूत्र के साथ-साथ सिर पर हेलमेट बांधने की परंपरा प्रारंभ करें असल में यही भाई और बहन का सच्चा प्रेम होगा और भाई की रक्षा भी होगी क्यों कि हाथ की कलाई पर बंधा रेशम का धागा टूट कर गिर जाएगा ,लेकिन भाई के सिर पर बंधा हेलमेट भाई की जान बचाएगा ऐसा संकल्प हर बहने अपने भाई के सिर पर हेलमेट रखकर और भाई का हाथ अपने सिर पर रखकर संकल्प लें कि बिना हेलमेट के भाई कभी गाड़ी नहीं चलाएगा, यदि सभी बहने इस पर्व को इस तरह से मानने लगी और हर साल लाखों भाइयों की जान दुर्घटना होने से बच सकती है और इससे बड़ा उपहार कोई भी बहन अपने भाई को नहीं दे सकती है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि डॉ कुंवर विजय शाह ने हमेशा से समाज में नवाचार और राष्ट्र धर्म समाज की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक समरसता के लिए भी कार्य किया है, विधायक के रूप में लगातार अजय योद्धा के रूप में विजय शान है क्षेत्र की जनता का दिल जीता है क्षेत्र के विकास के साथ ही क्षेत्र वासियों के दुख सुख की घड़ी में परिवार सहित खड़े रहते हैं, श्री शाह ने कहा कि आज जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, श्रीराम ने उन्हें भी गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। केवट के आग्रह पर उसके हाथों अपना पैर धुलवा कर ही उसकी नाव पर चढ़े, यानी केवट को उन्होंने अस्पृश्य नहीं माना। श्रीराम का निषादराज को हृदय से लगाना और आग्रह करना कि हमसे मिलने आते रहना, एक वनवासी को किसी राजपुत्र द्वारा अपने सहोदर के समान प्रेम और सम्मान देना सामाजिक उत्थान एवं समरसता की दिशा में स्थापित किया गया श्रेष्ठ मानक है।

# हम कर्तव्य निष्ठ बने हमारे अधिकार स्वयं हमारे पास आ जाएंगे, हमें मित्र और शत्रु की पहचान करनी होगी: मुनिश्री विनत सागर

## जैन धर्म के महान पर्युषण पर्व का 8 सितंबर से होगा शुभारंभ

**खंडवा।** जिस प्रकार कुयें में बाल्टी को झुकाये बिना जल से भरा नही जा सकता ,उसी प्रकार विनय ,नम्रता से शीश झुकाये रखने पर ही ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है,आगे बढने की सोच रखने वाले को छोटा बनकर रहना होगा,जितनी सोच बडी होगी विकास उतना ही अधिक होगा, सर्वप्रथम हम कर्त्तव्यनिष्ठ बनें ,हमारे अधिकार स्वयं हमारे पास आ जायेंगे , बस हमें हमारे मित्र और शत्रु की पहचान करनी होगी, यह उदगार सराफा जैन धर्मशाला में प्रवचन देते हुए मुनिश्री विनतसागर जी महाराज ने व्यक्त किये, मुनि श्री ने कहा कि गुरु और शास्त्रों की आज्ञा हमारी सबसे बडी मित्र और मोह हमारा सबसे बडा शत्रु है,जिस प्रकार हम शनि का जाना और लक्ष्मी का आना शुभ मानते हैं उसी प्रकार हमारी कुमति का जाना और धर्म



संस्कारों का आना भी शुभ मानना चाहिए एवं हमारे परिणाम भी उस दिशा मे होने चाहिये हमारा मन देवता भी है और दानव भी यह हमें ही तय करना है कि हमारा कौनसा स्वरूप प्रकट मे हो, गुरु की आज्ञा,मर्यादा,अनुशासन, सेवा से हम जीवन मंगल कर सकते हैं, जिस प्रकार डायबिटीज का केवल नियंत्रित किया जा सकता है छुटकारा नही उसी प्रकार क्रोध,मान, माया,लोभ जैसे विकारों से पूर्णतया बचा नही जा सकता लेकिन कर्मों एवं भक्ति से इन्हें नियंत्रित अवश्य रखा जा सकता है, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि मुनि श्री विनत सागर एवं विश्वमित सागर महाराज के सानिध्य में खंडवा नगर में पहली बार 48 दिवसीय भक्तांबर शिविर का आयोजन धार्मिक उत्साह के साथ चल रहा है, शिविर के 26वें दिन मुनि श्री ने भक्तांबर की महिमा पर अपने विशेष प्रवचन दिये, प्रवचन माला की अनमोल श्रंखला मे पूज्य मुनिश्री विनतसागर जी ने आगम के मोतियों की रोशनी से श्रोताओं के अज्ञान के अंधेरे के नाश हेतु उपरोक्त वचन उद्गारित किये, मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मांगलिक क्रियायें रमेशचंद्र जैन लोनारा एवं धीरज-नेहा जैन परिवार ने संपन्न की, मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन, प्रेमांशु जैन ने बताया कि श्रावकों के तब और तपस्या के पर्युषण पर्व का शुभारंभ 8 सितंबर से प्रारंभ होगा, पर्यूषण पर्व के दौरान आयोजित होने वाले पूजन शिविर से संबंधित सूचनायें भी इस अवसर पर प्रदान की गयी, पूज्य मुनिसंघ की आहारचर्या महेश - रेखा जैन, नरेंद्र विचल भट्यांण परिवार के सहयोग से संपन्न हुई।



## जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बालाजी ग्रुप की ईनामी योजना का लक्की ड्रा खोला गया

**खंडवा ।** बालाजी ग्रुप की ईनामी योजना का लक्की ड्रा सोमवार शाम 7 बजे बालाजी धाम कालोनी में खोला गया बालाजी ग्रुप के संस्थापक कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने बताया 15 अगस्त से रक्षाबन्धन तक जारी बालाजी ग्रुप की किसी भी कालोनी में प्लॉट, रॉ हाऊस,दुकान,और मकान की खरीदी पर लक्की ड्रा के माध्यम से लाखो के उपहार रखे गए थे लक्की ड्रा में प्रथम पुरस्कार 21 ग्राम सोने का हार अनुकृति झाला जी को प्राप्त हुआ, द्वितीय पुरस्कार 11 ग्राम सोने का तिरंगा सुदेश वानखेड़े जी को दिया गया , तृतीय पुरस्कार इलेक्ट्रिक बाइक शुभम अग्रवाल को दिया गया, चतुर्थ पुरस्कर द्व PHONE गोपी भईया को विशेष अथिति श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े जी (जिला पंचायत अध्यक्ष खण्डवा),मुकेश अग्रवाल ,पूजा गोयल , स्नेहा गोयल के द्वारा दिया गया 7एवं लक्की ड्रा में प्रत्येक प्लॉट की खरीदी पर अयोध्या यात्रा या 250 ग्राम चांदी से बनी राम दरबार की मूर्ति दी जाएगी इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के सदस्य पिंकू अग्रवाल,रोहित शेट्टी,सुनील मालवीय , अर्पित पूरी,प्रिया शेखावत , शोभना राउत,सागर वर्मा, कीर्तिराज सिंह मौर्या, प्रितम गोयल, मनीष तायड़े आदि मौजूद थे।

## अचीव टेनिस डेवलपमेंट सोसायटी और खेल विभाग का आयोजन

**खंडवा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल और युवा कल्याण विभाग एवं अचीव टेनिस डेवलप सोसायटी (एटीडीएस) द्वारा टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट इंटरमीडिएट और बिगनर वर्ग में आयोजित किया गया है। खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला प्रशिक्षक (एनआईएस) इुद्दद्वठु अहमद ने बताया टूर्नामेंट दिनांक 25 से 29 अगस्त 2024 के बीच निमाड़ क्लब स्थित टेनिस कोर्ट पर आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता लीग आधार पर आयोजित की जा रही है। दोनों ग्रुप में 9-9 कुल 18 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं आज खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए जिला ओलंपिक संघ खण्डवा के सचिव पीयूष शर्मा खिलाड़ियों के बीच उपस्थित हुए उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी को लॉन टेनिस के नियमित अभ्यास किए जाने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और अपनी डाइट को संतुलित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# लालचौकी राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर हुई भजन संध्या



**खण्डवा ।** महालक्ष्मी मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड रही। दिन भर मंदिर में चहर-पहल बनी रही। पर्व के दिन सुबह मंदिर में आकर्षक श्रृंगार के साथ ही ठाकुरजी को फूलों से पालने में सजाया जावेगा। मंदिर परिसर में इंदौर की प्रसिद्ध भजन गायक सोनम पगारे मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुरेश वानखेडे उपस्थित थी।भजन गायिका सोनम पगारे टीम में रात्रि 12 बजे तक सुमधुर भजन से भक्तों मंत्र मुग्ध कर दिया। भजन के दौरान राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म उत्सव पर अभिषेक से साथ ही पंजरी, माखन, मिश्री, फल, मिठाई का भोग लगाकर महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, सचिव राकेश झंवर, लखनलाल नागौरी, अखिलेश गुप्ता, गुरमीतसिंह उबेजा, अणिमा उवेजा, मधुकांता खण्डेलवाल, शरद खंडेलवाल, डॉ. दिलीप हिंदूजा, मंगलेश उपाध्याय, चंद्रशेखर मिश्रा, शैलेष पालीवाल, दीपक पालीवाल, राकेश पालीवाल, डॉ. राकेश शुक्ला, संतोष यादव, आनंद गुप्ता (अधिवक्ता) सहित नगर भक्तगण उपस्थित थे । उक्त जानकारी ट्रस्टी शैलेष पालीवाल ने दी।



# ताइक्कांडो में खंडवा के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**खंडवा।** नेहरू स्टेडियम इंदौर में ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 अगस्त तक किया गया। इसमें 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुगीस खान एवं फैजान खान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश टीम का नेतृत्व करते हुए निमाड़ ताइक्कांडो क्लब की 18 सदस्य टीम ने भाग लिया। जिसमें अथर्व पालीवाल, स्वरा सोनी, ईश्वत्व सोनी, आरना कबरा, मोहम्मद जैद, दर्शन शिंदे, ने स्वर्ण पदक जीता। दिव्यांगदा राठौर, सिद्धार्थ सिंह, पावन सिंह, भाटिया, भव्या तोमर, वेदांत श्रीमाली, अद्विक पालीवाल, वैदिक व्यास ने रजत पदक जीता। अर्णव शिवहरे, अर्णव विश्वकर्मा, वैष्णवी सेते, मोहम्मद माज खान, मोहम्मद अली खान ने कांस्य पदक जीता। सभी विजेताओं को मोहन काशिव, नागेश वालंजकर, नीरज भंडारी, गोपाल सोनी, डॉ शिव शंकर गुर्जर, विकास मोहे, शुभम जैन, शैलेंद्र वर्मा, राजेंद्र राजपूत, हिमांशु राठवे एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी जरूरी


## लियो क्लब खण्डवा ने किया छायादार पौधों का रोपण

**खण्डवा।** लियो क्लब खण्डवा द्वारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया । जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव सुमीत परिहार, कोषाध्यक्ष शिवम जायसवाल, लियो एडवाइजर घनश्याम वाधवा एवं कार्यक्रम संयोजक नीतिन राठौड़ के नेतृत्व में लियो डिस्ट्रिक्ट 3233 त1 द्वारा पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के सामूहिक प्रयास वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर झोन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय एवं डिस्ट्रिक चेयरपर्सन पर्यावरण लायन अखिलेश गुप्ता के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया।अध्यक्ष अर्पित बाहेती ने स्वागत उद्बोधन के साथ कहा कि पौधारोपण अभियान को तेज करने और इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए नई पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है। इस काम में युवा वर्ग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं। मुख्य अतिथि राजीव मालवीय ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी




वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। अध्यक्षता कर रहे अखिलेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौधारोपण अभियान का मकसद पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देना और वातावरण को स्वच्छ बनाना होता है. इसके अलावा, पौधारोपण से आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है। समाजसेवी कमल नागपाल ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पौधों के संरक्षण का दायित्व अशोक नावानी ने लिया।कार्यक्रम में सक्रिय रूप समाजसेवी कमल नागपाल, लियो अपूर्ण उपाध्याय, लियो पूजा अग्रवाल, लियो श्रद्धा पालीवाल, लायन नारायण बाहेती, लायन राजीव शर्मा, लायन आशा उपाध्याय ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शिवम जायसवाल एवं आभार नितिन राठौड़ ने व्यक्त किया।

## ओंकारेश्वर मे निकली जहागीर गोगा महाराज की छड़ी भव्य शोभायात्रा का हुआ स्वागत



**ओंकारेश्वर - ( नि प्र ) ।** ओकारेश्वर में परंपरागत अनुसार वाल्मीकि समाज ने जहागीर गोगा जी महाराज के निशान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह ,जनप्रतिनिधियों,विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया स्वागत भगत जीतू हटवाल एवं अन्य भक्तों के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा में जहांगीर गोगा जी महाराज की झांकी में बगी ढोल ढमाके के साथ 12 ज्योतिर्लिंग एवं अन्य प्रकार की झांकी शामिल थी गोगा जी महाराज के भक्तों भगत ने जो भक्त सच्चे मन से गोगाजी महाराज की पूजा पाठ करता है उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। ओंकारेश्वर में भगत जीतू हटवाल ललित चौहान ने बताया हम प्रत्येक वर्ष लगभग सवा माह तक बाबा के निशान की विधिवत पूजा करते हैं। शोभायात्रा स्थापना स्थल वार्ड 2 से शोभा यात्रा निकालकर जे पी चौक मार्केट पुराना बस स्टैंड से होते हुए नया बस स्टैंड एवं गोगामेडी स्थल पर समापन हुआ जिसमें नगर के प्रबुद्ध जनों नगर वासियों ने बाबा का स्वागत सत्कार किया।

ओंकारेश्वर मे निकली जहागीर गोगा महाराज की छड़ी भव्य शोभायात्रा का हुआ स्वागत



**ओंकारेश्वर - ( नि प्र ) ।** ओकारेश्वर में परंपरागत अनुसार वाल्मीकि समाज ने जहागीर गोगा जी महाराज के निशान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया स्वागत भगत जीतू हटवाल एवं अन्य भक्तों के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा में जहांगीर गोगा जी महाराज की झांकी में बगी ढोल ढमाके के साथ 12 ज्योतिर्लिंग एवं अन्य प्रकार की झांकी शामिल थी गोगा जी महाराज के भक्तों भगत ने जो भक्त सच्चे मन से गोगाजी महाराज की पूजा पाठ करता है उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। ओंकारेश्वर में भगत जीतू हटवाल ललित चौहान ने बताया हम प्रत्येक वर्ष लगभग सवा माह तक बाबा के निशान की विधिवत पूजा करते हैं। शोभायात्रा स्थापना स्थल वार्ड 2 से शोभा यात्रा निकालकर जे पी चौक मार्केट पुराना बस स्टैंड से होते हुए नया बस स्टैंड एवं गोगामेडी स्थल पर समापन हुआ जिसमें नगर के प्रबुद्ध जनों नगर वासियों ने बाबा का स्वागत सत्कार किया।

## कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**खण्डवा ।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह सोंलकी, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। जनसुनवाई में पारूबाई उम्र 80 वर्ष निवासी मोकलगांव ने वृद्ध छड़ी देने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को वृद्ध छड़ी देने के निर्देश दिए। इस पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जनसुनवाई के दौरान ही पारूबाई को वृद्ध छड़ी प्रदान की गई।

## उद्यानिकी वैज्ञानिक श्री त्यागी ने मिर्च फसल के लिए किसानों को दी सलाह

**खरगोन।** जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र खरगोन के उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. एसके त्यागी ने मिर्च की फसल के लिए किसानों को सलाह दी है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि कि मिर्च के जिन खेतों में पानी का जमाव हो गया है उन खेतों से तत्काल जल निकास की नाली बनाकर पानी खेत से बाहर निकाले। जल निकास के बाद जड सड़न की स्थिति में कॉपर आक्सीक्लोराईड 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर जड़ो में ट्रेंचिंग करे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने संपत्ति कर वसूली के लिए जिले का किया सघन दौरा

**खरगोन।** खरगोन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई भरतसिंह तंवर के द्वारा ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति कर वसूली के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

अभियान के तहत 27 अगस्त को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तंवर ने जनपद शिक्षा केंद्र बड़वाह में उपस्थित होकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत बड़वाह में कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के द्वारा संपत्ति कर वसूली के लिए विशेष अभियान चला कर जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशन में अधिक से अधिक ग्राम पंचायतों को कर की वसूली के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तंवर द्वारा सिविल हॉस्पिटल बड़वाह का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें मरीज के लिए फटे फूटे गंदे गद्दे मिलने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं हॉस्पिटल में बायो वेस्ट मेडिकल मैनेजमेंट के कार्य में लगी हुई खंडवा की कंपनी को नियमों के अनुसार काम करने कहा गया।

शाम 04 बजे जनपद शिक्षा केंद्र भीकनगांव में उपस्थित होकर कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को संपत्ति कर वसूली के लिए स्कूल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तंवर के द्वारा जिला कलेक्टर खरगोन को ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार संपत्ति कर वसूली के लिए पत्र भी प्रेषित किया गया है।

## 28 से 30 अगस्त तक जनपद स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन

**खरगोन।** कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 28 से 30 अगस्त तक ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

यह रोजगार मेला 28 अगस्त को जनपद पंचायत खरगोन में, 29 अगस्त को बीआरसी भवन टंट्या मामा भवन के पास भीकनगांव एवं 30 अगस्त को सामुदायिक भवन कसरावद में प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार मेला 28 अगस्त को जनपद पंचायत खरगोन में, 29 अगसत को बीआरसी भवन टंट्या मामा भवन के पास भीकनगांव में एवं 30 अगस्त को सामुदायिक भवन कसरावद में प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में 8वीं से 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवक जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष हो, वे अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन (अनिवार्य), आधार कार्ड, जाति एवं मूल निवासी के प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटो लेकर मेले में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये हेल्पलाइन नम्बर 07282-232787 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खरगोन में प्रवेश के लिए विद्यार्थी कराएं रजिस्ट्रेशन

**खरगोन।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खरगोन में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने के उपरांत विद्यार्थियों के लिए रोजगार और स्व रोजगार दोनों के अवसर रहते है। संस्था के पूर्व विद्यार्थी कई प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे रिलाएंस, टाटा, एचसीएल और शासकीय संस्थाओं, जिला कोर्ट, हाई कोर्ट एवं मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खरगोन में सत्र 2024-25 के लिए इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस, आईटी, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट और फैशन टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तृतीय चरण की काउंसलिंग आयोजित की जा रही है। विद्यार्थी कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक, आईटी और फैशन टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 05 सितम्बर से 09 सितम्बर 2024 तक संस्था में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। 10 सितम्बर 2024 को संस्था स्तर की काउन्सलिंग सीएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट के इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 02 सितम्बर से 06 सितम्बर 2024 तक संस्था में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। 07 सितम्बर 2024 को विद्यार्थियों को संस्था स्तर की काउन्सलिंग सीएलसी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए शिक्षण शुल्क 7500 एवं अन्य शुल्क 282 रुपए रहेंगे। शिक्षण शुल्क को दो आसान किष्तों में जमा करने की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान की जायेगी। विद्यार्थी अधिक जानकारी संस्था में उपस्थित होकर अथवा नोडल अधिकारी श्री मनीष पुरस्वानी 9827363184 और प्रवेश प्रभारी श्री दिपक पाटीदार 9340536494 से प्राप्त कर सकते हैं।





## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सीएम राईज विद्यालय टेमला में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खरगोन।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सीएम राईज विद्यालय टेमला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के पवन भावसार ने बताया कि सीएम राइज़ विद्यालय टेमला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्री अशोक सिंह पवार ने संबंधों में प्रगाढता का पर्व कृष्ण जन्माष्टमी को बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से सीखते हुए हमें सत्य क्षमाशीलता और धैर्य को धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण की भक्ति सबसे सरल भक्ति है। कृष्ण भाव के भूखे हैं, सुदामा के मुट्ठी भर चावलों को कृष्ण ने 56 पकवानों से कहीं ज्यादा महत्व दिया। इस अवसर पर प्राचार्य के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बालक बालिका कृष्ण, राधा का वेश धारण कर विद्यालय पहुंचे। वहीं दूसरी ओर हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के बच्चों के लिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बालक बालिकाओं के लिए नृत्य का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री मायाराम पाटीदार, श्री योगेश गर्दे, श्री जगदीश चंद्र पाटीदार, श्री दीपक वाघ, श्री अजय गुप्ता, सुश्री सक्सेना, श्रीमती कछुवाहे, श्री पटेल, श्रीअल्केश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में विद्यालयों में आयोजन हुए

**रतलाम।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, क्विज प्रतियोगिता, मटकी फोड़, दही हांडी प्रतियोगिता आदि का धूमधाम से आयोजन हुआ। विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता पर नाट्य मंचन कर विद्यार्थियों को मित्रता श्री कृष्णा और सुदामा की तरह निभाने की शिक्षा दी। पिपलिया जोधा के विद्यालय में विद्यार्थियों ने मनमोहक झांकियां बनाई। प्रीतम नगर में विद्यार्थियों ने दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लिया। कन्या शिवगढ़ विद्यालय में बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। सी एम राइज विद्यालय जावरा में भगवान श्री कृष्ण के जन्म, बाल्य काल, किशोरावस्था के संघर्ष काल की घटनाओं एवं उनके संपूर्ण जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तुति दी। हाई स्कूल पाटन में भी कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए विभिन्न गतिविधियों के पश्चात पुरस्कार वितरण किया। हाई स्कूल लूणी में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ग्रामीण अंचल में चोरों का आतंक : रतलाम पहुंचे क्षेत्रवासी, जताया विरोध, एसपी से गस्त बढ़ाने की मांग

**रतलाम।** जिले के रावटी क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही है। बीती रात भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन क्षेत्रवासियों के जागने पर शोर मचाने पर भाग गए। इसके पहले ही एक ही रात में 7 जगह चोरों ने ताले तोड़े। लाखों रुपए के आभूषण व नगदी ले गए। लेकिन आज तक चोरों का पता नहीं चला। मंगलवार दोपहर रावटी क्षेत्र के लोग रतलाम एसपी कार्यालय पहुंचे। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर विरोध जताया। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा को ज्ञापन सौंप चोरों को पकडने़ व गस्त बढ़ाने की मांग की। एसपी को बताया कि 22 अगस्त को चोरों ने रावटी में रात 1.30 बजे से 3 बजे के बीच 7 मकानों के ताले तोड़े। रावटी के व्यापारी टोनी बोरिया के मकान से अज्ञात बदमाश गोदरेज में रखे जेवरात करीब 4 लाख रुपए के व 70 हजार नगदी चुरा ले गए। गांव के धर्मेंद्रसिंह पंवार, श्रेणिक कटारिया, प्रहलाद राठौर, दीपक जैन, बद्रीलाल वसुनिया, अकिल हुसैन के यहां भी लगातार चोरी हो चुकी है। आज तक चोरों का पता नहीं चला। टोनी बोरिया ने बताया बीती रात पुनः चोरों ने मेरे मकान के बाहर किराये से दी गई दुकान के ताले तोडने़ का प्रयास किया। रात्रि में ही खटपट की आवाज होने पर में व मोहल्ले के लोग जाग गए। शोर मचाया तो चोर भाग गए।

## राग दरबारी



## हर मर्ज की एक दवा

पहले डॉक्टर के यहां जाने से बचने का एक फार्मूला होता था, कहा जाता था एक अनार और सौ बीमार।अभी भारत भर में हालत ऐसे हैं की प्रत्येक करीब ग्यारह सौ नागरिक के पीछे मात्र एक डॉक्टर की विरल उपलब्धता है।मतलब एक अनार और हजार से ज्यादा बीमार।फिर हमारी सामाजिक व्यवस्था भी सामूहिक है। हम एकला चालो में विश्वास कम और सगला मतलब सभी के साथ चलने में विश्वास ज्यादा रखते हैं, और यही कारण है की हम गति धीमी और प्रगति धीमी में विश्वास से चल पड़ते हैं।हमारा सिस्टम इतना सड़ गल चुका है की उसके आगे चाहे भैंस समझ बीन बजाओ या ढोल ताशे लेकर हल्ला बोल जाओ उसकी कुंभकर्णी नींद कभी न टूटी थी और न टूटेगी।चिकने घड़े की मानिंद ढेरों पानी डाल दो मजाल है की एक बूंद ठहर जाए।

हालात इस कदर बिगड़े हों सो ठीक है, हर व्यक्ति समाधान के लिए न्यायालय की ओर दौड़ पड़ता है, वहां प्रकरण की ढेरों कतारें हैं, मुवक्किल हैं ,वकील हैं, तारीखें हैं और तारीखों पर तारीखें हैं।कभी फरियादी बीमार कभी अपराधी नहीं मिला, कभी नोटिस तामील नहीं हुआ, कभी पुलिस का जवान नहीं आया,कभी कोर्ट नहीं लगी,फरियादी को लगता है की कहीं वही अपराधी तो नहीं।कभी वह अपनी किस्मत को कोसता है ,कभी व्यवस्था को और हर तारीख पर अगली तारीख को कोसता सोचता है।बाबू का मुंह देखता है , चाय पानी का सब जगह दस्तूर बदस्तूर जारी है ,उसका नशा सब तरफ तारी है और इसी तरी से नाश हो रहा है व्यवस्था का।नई मशीनें लगाई जा रही है ताकि अंगूठा लगाकर हर अधिकारी अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज करे।अंग्रेजी छाप व्यवस्था को और अंगूठा लगाया जा रहा है, शुद्ध रुप से कहें तो ठेंगा दिखाया जा रहा है।जनता को इस ठेंगे देखते रहने की आदत लग गई है।वह बरसों इंतजार करता है, समय,पैसा ,चिंता और मुद्दा वहीं का वहीं जिसमे वह पहले मुर्गा बनाया जाता है कोई टांग खींचता है तो कोई शरीर नोचता है और अंत में फरियादी न्याय की प्रत्याशा में मुर्दा हो जाता है।

अच्छे अच्छे नेता, मंत्री, न्यायाधीश , प्रशासक , योजनाकार, हाकिम, नई नई योजनाएं लेकर आ गए, मार्ग प्रशस्त हो गए,मगर न्याय व्यवस्था की गति ,प्रगति वैसे ही बनी रही, प्रकरण बढ़ते गए और न्याय सीझता गया, ऑनलाइन निर्णय होने लगे, केस की काज लिस्ट मोबाईल पर आने लगी, मगर निर्णय इतनी जल्दी नहीं आते।गंभीर अपराधों में सदियों बाद फैसले आने से अपाहिज व्यवस्था का दोष किसे दें।सब होश में हैं ,सम्मान है, मगर फरियादी का अपमान है, उसके त्वरित न्याय का गला दम घुंटकर रह गया है, उसके अरमानों का गला घोंटकर हत्या कर दी गई है।पीड़ित का ही उत्पीड़न हो रहा है, बेहद अमानवीय कृत्य हो रहा है।सारे माननीय इस बात का मनन करें, स्थितियां चिंतनीय है।देश का हर नागरिक जो न्याय की शरण में जा रहा है, न्याय मंदिर में अर्जी लगा रहा है, वह वंदनीय है, धन्य है, उसकी प्रतीक्षा ,उसका धैर्य, उसकी सहनशीलता को नमन है।

जो न्याय की शरण में नहीं जाता वह स्थितियों की पड़ताल करता है और सामूहिक रुप में छोटी छोटी बातों पर हड़ताल करता है।देश भर में हड़तालें और प्रदर्शन रोजमर्रा का सबब बन गई है।फिर युवा जोश में तोड़फोड़ मचा रहे हैं, नुकसान और लूटपाट हो रही है, सामाजिक हड़तालियों के बीच असामाजिक तत्व घुस जाते हैं ,शांतिप्रिय प्रदर्शन अशांति मय उपद्रव में तब्दील होते देर नहीं लगती।फिर विधि और व्यवस्था का प्रश्न खड़ा होता है और पुलिस की लाठी चार्ज, पानी की बौछार, रबर की गोलियां और पिटाई से सिर फूटने लगते हैं ज्यादा हुआ तो फायर का आर्डर दो चार जाने जाना मामूली होता है।फिर जांच कमीशन बैठता है। पुराने घुटे पचे न्यायमूर्ति की देखरेख में वह महीनों कार्य करता है और परिणाम आने तक दिन ,महीने, साल बदल जाते हैं।फिर मुद्दा घूम फिरकर तारीख दर तारीख पर चला आता है।

तारीखों के खेल में
सब उलझे हुए हैं
न्याय की आस मे
सर उलझाए हुए हैं
बुत बन गए सब
सभी बोलने वाले
सब के सब मौन हैं
एक दूजे के कौन हैं

।। अरुण कुमार जैन ।।

## कटाक्ष

### डंडा और झंडा

डंडा हो या झंडा
दोनों का
बिल्कुल क्लियर है फंडा
दोनों
जब तक साथ रहते हैं
अनुशासन की कथा कहते हैं
डंडा
जब झंडे से निकलता है
उत्पात करने को मचलता है
झंडा भी डंडे के बिना
जब जब रहता है
अक्सर अपनों से ही
अपमान सहता है

पहले डंडा
आत्मरक्षा के काम आता था
अंधों को तो
राह भी दिखाता था
उसके बाद डंडा
लाठी बन कर आया
और जिसको चाहा
उस भैंस को अपना बनाया

झंडे भी
अलग अलग गुल खिलाने लगे हैं
पहले अलग राष्ट्रीयता
अलग विचार दिखाते थे
अब
स्वार्थ के लिए
एकजुट हुए,भिन्न भिन्न लोगों की
भीड़ को दर्शाने लगे है
झंडे का
बस इतना सा फायदा है
ये किसी के लिए रोटी
किसी के लिए
भौतिकता की भाषा
पढ़ने का कायदा है

काश ऐसा दिन भी आए
हर डंडा शान से खड़ा रहे
और उसके ऊपर
राष्ट्रीयता का झंडा चढ़ा रहे।



डॉ पुनीत कुमार
मुरादाबाद 244001

# मप्र सरकार ने 20 हजार संविदाकर्मियों की ग्रेड-पे कम की

इंदौर। मध्य प्रदेश के 1.50 लाख संविदा कर्मचारियों को सीपीआई इंडेक्स के आधार पर वेतन देने के मामले में हड़कंप के बीच वेतन और ग्रेड-पे कम करने के मामलों ने तूल पकड़ लिया है। इन मामलों में सिर्फ एक साल में 10 हजार कर्मचारी हाईकोर्ट पहुंचे हैं। ऐसे ही एक मामले में स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन एसीएस सहित पांच अफसरों के खिलाफ वारंट जारी होने के बाद वे सभी विभाग हरकत में आ गए, जिनमें संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। इन विभागों ने संविदा को लाभ देने से संबंधित जानकारी मांगी है।



शिवराज सरकार ने संविदा कर्मचारियों के लिए पॉलिसी बनाई थी। इस पॉलिसी में संबंधित पद का 100 प्रतिशत वेतनमान देने का फैसला हुआ था। ज्यादातर कर्मचारियों को यह वेतनमान मिल भी गया, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण कुछ विभागों में कुछ कर्मचारी छूट गए, जो कोर्ट की शरण में चले गए हैं। इंदौर में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पार्थन पिल्लई को वेतनमान (पे स्केल) नहीं दिया गया। पिल्लई की बात उच्च अधिकारियों नहीं सुनी तो वे हाईकोर्ट चले गए।

नवंबर 2023 में हाईकोर्ट ने आदेश दिया और दूसरे कर्मचारियों की तरह पिल्लई को भी वेतनमान देने के लिए कहा। हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक 4 महीने में वेतनमान मिलना था, लेकिन अप्रैल 2024 तक वेतनमान नहीं मिला, तो पार्थन पिल्लई ने कोर्ट में अवमानना याचिका लगा दी। इसके बाद हाईकोर्ट ने पांचों अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इस मामले में 9 सितंबर को फिर सुनवाई है।

हाईकोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने

### 10 हजार कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका, विभागों ने संविदाकर्मियों की जानकारी बुलाई

हाल ही में निर्देश जारी कर 12 योजनाओं और विभागों में कार्यरत उन संविदा कर्मचारियों की जानकारी बुलाई है जिन्होंने वेतन या ग्रेड-पे में सुधार के लिए आवेदन किया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार संविदा कर्मचारियों के लिए सीपीआई इंडेक्स लाई है। उसी के अनुसार वेतन निर्धारित किया जाना था। वर्ष 2023 में इसके लिए अधिकारियों की समिति बैठी और संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ग्रेड-पे संशोधित कर दिया। इसमें विभिन्न संवर्गों के पदों का ग्रेड-पे पहले की तुलना में कम कर दिया गया। कर्मचारी इसी से नाराज होकर कोर्ट चले गए।

### इनका ग्रेड-पे कम किया

राज्य शिक्षा केंद्र के सहायक प्रबन्धक को 5400 ग्रेड-पे के अनुसार वेतन मिल रहा था, उनका वेतन 4200 के हिसाब से निर्धारित कर दिया। सहायक यंत्री का ग्रेड-पे 5400 से कम करके 4200 कर दिया। एपीसी जेंडर, बीआरसी का 3600 से घटाकर 3200 कर दिया। डाटा एंट्री ऑपरेटर का 2400 से कम कर 1900 कर दिया। राज्य शासन ने राज्य समन्वयक पीएम शक्ति पोषण, संचालक पंचायत राज संचालनालय, आयुक्त मनरेगा परिषद, सीईओ आरआरडीए, मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, संचालक पीएम आवास योजना ग्रामीण, संचालक राज्य संपरीक्षा समिति, प्रमुख अभियंता आरईएस, संचालक राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि हमने संभाग स्तर पर बैठक बुलाना शुरू कर दिया है। ऐसे कर्मचारियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। सितंबर के पहले हफ्ते में राज्य सरकार के सामने एक ड्राफ्ट पेश करेंगे।

# कलेक्टर कराएंगे श्रीकृष्ण जन्म उत्सव मनाने मंदिरों में इंतजाम

इंदौर। प्रदेश में अब भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजन और व्याख्यान के कार्यक्रम किए जाएंगे। राज्य सरकार ने सभी कलेक्टरों को इसके लिए समय पर इंतजाम करने के लिए कहा है। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंग से जुड़े स्थानों पर भी आवश्यक प्रबंध करते हुए वहां भगवान के जीवन प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए गए हैं।



### जानापाव, अमझेरा, सांदीपनी आश्रम समेत श्रीकृष्ण मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

सात अगस्त को हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों से कहा है कि 26 अगस्त को सभी जिलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने का इंतजाम करें। इस दिन हर जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया जाये। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के माध्यम से सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल, कॉलेज में व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यकम आयाजित कराये जायें। शासन के निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के ऐसे स्थल जानापाव (देवास), अमझेरा (धार), नारायणा एवं संदीपनी आश्रम (उज्जैन) जहां भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में जुड़े विशेष प्रसंग रहे हैं वहां प्रसंगों के अनुकूल जन्माष्टमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायें।

### यह जिम्मेदारी भी सौंपी

जीएडी ने कलेक्टरों, संभागायुक्तों से यह भी कहा है कि जन्माष्टमी के दिन शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य को प्रचारित प्रसारित किया जाए और उनकी विशिष्टयों को इन अवसरों पर बताया जाए। देश के गौरवशाली इतिहास के प्रसंगों, कथानकों, आख्यानों से सभी वर्गों को अवगत कराने की जिम्मेदारी भी निभाई जाए। जन्माष्टमी पर सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में भारतीय विशिष्ट परंपराओं, योग आदि पर व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

# कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी के लिए अभी इंतजार

### प्रदेश प्रभारी भवर जितेंद्र सिंह बोले- जमीनी कार्यकर्ताओं को मिलेगी जगह

इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी के लिए कार्यकर्ताओं को अभी इंतजार करना होगा। कार्यकारिणी गठन को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भवर जितेंद्र सिंह ने बड़ा बयान दिया है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि- काम करने वाले (जमीनी) कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओ के नामों पर विचार किया जा रहा है। पूरे समय पार्टी के लिए काम करने वालो को कार्यकारिणी में जगह मिलेगी।प्रदेश प्रभारी ने पुरानी कार्यकारिणी पर सवाल उठाए है। पहले की कार्यकारिणी में 1 हजार पदाधिकारी शामिल थे। सिर्फ पद लेकर घर पर बैठे थे, अब सिर्फ काम करने वालो को जिम्मेदारी मिलेगी।

# मप्र में अक्टूबर से नहीं होंगे अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले

### चुनाव आयोग की सहमति से ही होगा तबादला

इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार भले ही अभी तक तबादले से प्रतिबंध हटाने को लेकर निर्णय न कर पाई हो पर अक्टूबर से कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लग जाएगा। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

29 अक्टूबर को सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। इसके बाद पुनरीक्षण कार्य में लगे किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का तबादला नहीं होगा। यदि प्रशासनिक दृष्टि से तबादला करने आवश्यक होगा तो इसके लिए पहले चुनाव आयोग की अनुमति लेनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश को एक जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके पालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने बीस अगस्त से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अभी मतदाताओं का घर-घर सत्यापन, फोटो का मिलान आदि गतिविधियां चलेंगी।

### प्रारूप प्रकाशन के बाद दावे और आपत्तियां

29 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा और फिर दावे-आपत्तियां लिए जाएंगे। 28 नवंबर तक इनका निराकरण किया जाएगा और फिर छह जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची के कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसकी परिधि में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और बूथ लेवल आफिसर आएंगे। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करना प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक है तो शासन को पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

### राज्य निर्वाचन आयोग में ई-फाइल सिस्टम लागू

भोपाल (ईएमएस)। राज्य निर्वाचन आयोग में अब किसी अधिकारी के टेबल पर फाइल नहीं नजर आती। कर्मचारी भी फाइल लिये इधर-उधर अधिकारियों के कक्ष में नहीं दिखते। यह सब हुआ है पूरे आफिस में ई-फाइल सिस्टम लागू होने से। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बताया है कि इस सिस्टम को लागू करने से फाइलों के निराकरण में तेजी आई है और उनके संधारण की समस्या भी खत्म हो गयी है।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि पेपर लेस ऑफिस बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये पूरी टीम ने तन्मयता से कार्य कर ई-फाइल सिस्टम को मूर्त रूप दिया है। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन सुविधा के लिये अलग-अलग पोर्टल बनाये गए हैं। अधिकारी-कर्मचारियों के लिये इलेक्ट्रानिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम और न्यायालयीन प्रकरणों के लिये कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है। आयोग ई-पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर भी कार्य कर रहा है।

# संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बढ़ेंगे हर साल पदों की संख्या

### आरक्षण को लेकर बचाव की मुद्रा में आई सरकार

इंदौर। लैटरल भरती को लेकर जिस तरह का विरोध देशभर में हुआ है। उसको देखते हुए अब केंद्र सरकार (यूपीएससी) संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से रिक्त पदों की भर्ती के लिए मुहिम चलाने की सोच रही है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पद रिक्त हैं। सरकार लैटरल भरती से खाली पदों को भरना चाहती थी। आरक्षण के मुद्दे पर सरकार को अब अपने कदम पीछे हटाने पड़ रहे हैं।




राज्य सरकारों के पास भी भारतीय सेवा से जुड़े हुए अधिकारियों की कमी बनी हुई है। राज्यों में नए-नए जिले बने हैं। आबादी भी लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पद भी बढ़ने पर विचार हो रहा है।

राज्यों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की कमी होने के कारण राज्य, केंद्र की प्रतिनियक्ति पर कैडर के अधिकारियों को केंद्र में नहीं भेज पा रहे हैं। 2012 के बाद से केंद्र सरकार नेभारतीय प्रशासनिक सेवा के पदों का पुनरीक्षण भी नहीं किया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की कमी को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने 6 साल पहले लैटरल एंट्री के माध्यम से भरतियाँ शुरू की थी। अभी तक 200 पदों की भर्ती की जा चुकी है। 2014 में केंद्र सरकार की प्रति नियुक्ति पर 14 फ़ीसदी पद भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के थे। 2021 में यह संख्या घटकर मात्र 6 फ़ीसदी रह गई है। राज्यों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पर्याप्त संख्या में नहीं है। जिसके कारण राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों को केंद्र की प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजती है।

हर साल भारतीय सेवा के लिए अधिकारियों की नियुक्ति यूपीएससी के माध्यम से किए जाने का निर्णय केंद्र सरकार ले रही है। 15-20 वर्ष की सर्विस के बाद भारतीय सेवा के अधिकारी उच्च पदों पर सेवा देने के लिए प्रशिक्षित होते हैं। केंद्र सरकार अभी उच्च पदों पर सीधे भरती करना चाहती थी। लेकिन जिस तरह से इस बार आरक्षण को लेकर पूरे देश भर में विरोध हुआ है।

उसको देखते हुए अब केंद्र सरकार अगले दो-तीन सालों में यूपीएससी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पदों पर भर्ती करेगी। सरकार के पास अब इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है। सरकार को बचाए रखना है, तो उसे आरक्षण के मुद्दे पर अपने आप को बचाकर चलना पड़ेगा। गठबंधन के सहयोगी दल नाराज ना हो। किसका ध्यान रखना अब केंद्र सरकार के लिए जरूरी हो गया है। गठबंधन की सरकार होने से केंद्र सरकार कोई रिस्क लेने के लिए तैयार नहीं है। केंद्र सरकार सभी विभागों को निर्देशित करने जा रही है, कि वह खाली पदों की भर्ती के लिए यूपीएससी को जानकारी दे। ताकि समय रहते भर्ती प्रक्रिया शुरू हो सके।

# होटल, बार में हेरिटेज मदिरा रखना अनिवार्य

### घर में भी रख सकेंगे, महुआ को बढ़ावा देने सरकार का फैसला

इंदौर। मध्यप्रदेश के सभी होटल और बार में हेरिटेज मदिरा रखना अब अनिवार्य होगा। इसी के साथ अब घर में भी महुआ की शराब रख सकेंगे। बार के मेन्यू में हेरिटेज मदिरा रखना अनिवार्य होगा। घर में चार बोतल हेरिटेज मदिरा रखने की छूट है। महुआ को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह फैसला लिया है। महुआ के फूल से हेरिटेज मदिरा बनती है और आदिवासी समाज महुआ के कारोबार से जुड़ा हुआ है। बता दें कि मध्यप्रदेश में महुआ के फूल से बनने वाली हेरिटेज मदिरा को पहचान दिलाने के लिए आबकारी नीति के अंतर्गत वर्ष 2022 में नियम बनाए गए हैं। इसका उत्पादन केवल जनजातियों के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में और केवल जनजातियों के स्व सहायता समूह द्वारा ही किया जा सकता है। विनिर्माण इकाई के परिसर में विक्रय के लिए दुकान भी खोली जा सकती है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com